www.bharatsamvad.live
R.N.I.No- MAHHIN/2017/74173

सत्य का स्वर
# भारत संवाद
मुंबई, प्रयागराज और लखनऊ से प्रकाशित


मौसम
अधिकतम तापमान 35.c
28.c न्यूनतम तापमान

बाजार
सोना 95.770g
चांदी 78.800 kg

सोशल मीडिया पर भारत संवाद
https://x.com/BharatSamvad
www.facebook.com/bharatsamvad.in
www.youtube.com/@BharatSamvad-m3n
E-Paper bharatsamvad.live

2 जिहादी आतंक का उपचार, पाकिस्तान की भी चौतरफा घेराबंदी
पाकिस्तान शिमला समझौता स्थगित कर सकता है 04

वर्ष :08 | अंक :303 | मुंबई, शुक्रवार, 25 अप्रैल, 2025 | पृष्ठ : 06 | मूल्य : 2 : 00 रुपए

## संक्षिप्त समाचार

### तालाब में डूबने से तीन लड़कियों की मौत

बिहार के सीतामढ़ी जिले में बुधवार को तालाब में डूबने से तीन लड़कियों की मौत हो गई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि तीनों लड़कियों की पहचान आरती कुमारी (13), सुधा कुमारी (नौ) और नंदिनी कुमारी (आठ) के रूप में हुई है। जिला पुलिस ने एक बयान में बताया, बाजपट्टी थानाक्षेत्र के कंचनपुर इलाके में लड़किया बुधवार को तलाब में नहाने गयी थीं तभी यह घटना हो गयी। पुलिस के अनुसार संदेह है कि लड़कियों का संतुलन बिगड़ गया और वे तालाब में डूब गयीं। मौके पर पहुंची पुलिस तीनों लड़कियों को तालाब से बाहर निकाला और नजदीकी अस्पताल ले गये जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस के मुताबिक शवों को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया गया है और पूरे प्रकरण की जांच शुरू की गयी है।

### गोरखपुर में एक कारखाने में बॉयलर फटने में सात श्रमिक घायल, दो की हालत गंभीर

गोरखपुर में खाद्य तथा पैकेजिंग सामग्री बनाने वाले एक कारखाने में बुधवार को बॉयलर फटने से कम से कम सात श्रमिक घायल हो गए जिनमें से दो की हालत गंभीर बताई जा रही है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि घटना गोरखपुर औद्योगिक विकास प्राधिकरण (गीडा) सेक्टर-13 में टोटल फास्ट-फूड प्रोडक्ट्स लिमिटेड में हुई जहां विस्फोट के बाद कारखाने का टिन शेड और चारदीवारी आंशिक रूप से ढह गए। धमाका इतना तेज था कि इसकी आवाज कई किलोमीटर दूर तक सुनी गई, जिससे इलाके में दहशत फैल गई। अधिकारियों ने बताया कि घटना में सात श्रमिक घायल हो गए जिनमें से उमर फारूक और माजिद गंभीर रूप से घायल हैं। उन्होंने बताया कि श्रमिकों को पहले पिपरौली के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया और बाद में उन्हें बीआरडी मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। पुलिस अधीक्षक (उत्तरी) जितेंद्र कुमार श्रीवास्तव ने कहा, स्थिति का जायजा लेने के लिए तकनीकी विशेषज्ञों को बुलाया गया है। प्रथम दृष्टया ऐसा लगता है कि धमाका बॉयलर फटने के कारण हुआ है। आयुक्त, जिला अधिकारी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सहित वरिष्ठ अधिकारियों ने अस्पताल का दौरा किया और चिकित्सा कर्मचारियों को बेहतर उपचार के निर्देश दिए। इस बीच, लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने घटना का संज्ञान लिया और अधिकारियों को घायलों को सर्वोत्तम संभव चिकित्सा सुविधा सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। हिमांशु मणि त्रिपाठी के स्वामित्व वाले कारखाने में कार्डबोर्ड और पेपर प्लेट जैसी पैकेजिंग सामग्री के साथ-साथ खाद्य पदार्थ नूडल्स का उत्पादन होता है।

# राजनाथ की अध्यक्षता में संसद भवन में सर्वदलीय बैठक, दो मिनट का मौन रखा गया

## राहुल बोले- सरकार के हर एक्शन को विपक्ष का समर्थन; एयरफोर्स ने युद्ध अभ्यास शुरू किया

**सर्वदलीय बैठक**

**बैठक में गृह मंत्री अमित शाह, विदेश मंत्री एस जयशंकर, जेपी नड्डा, किरेन रिजिजू समेत सत्ता पक्ष के अन्य मंत्री और बड़े नेता शामिल हैं. कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी भी सर्वदलीय बैठक में भाग ले रहे हैं. इसके लिए अन्य विपक्षी दलों के नेता बैठक में भाग लिया**

एजेंसी



नयी दिल्ली। पहलगाम हमले को लेकर पार्लियामेंट एनेक्सी बिल्डिंग में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में सर्वदलीय बैठक 2 घंटे चली। गृह मंत्री अमित शाह, विदेश मंत्री एस जयशंकर, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे समेत कई नेता इसमें शामिल हुए। सर्वदलीय बैठक में भाग लेने के बाद राहुल गांधी ने कहा- सभी ने पहलगाम आतंकवादी हमले की निंदा की। विपक्ष ने सरकार को कोई भी कार्रवाई करने के लिए पूरा समर्थन दिया है। राहुल गांधी शुक्रवार को कश्मीर के अनंतनाग जाएंगे। वहां हमले में घायल हुए लोगों से मिलेंगे। बैठक में पहलगाम हमले में मारे गए लोगों की आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा गया। वायुसेना युद्धाभ्यास शुरू कर दिया है। इसे आक्रमण नाम दिया गया है। इसमें अंबाला (हरियाणा) और हाशीमारा (पश्चिम बंगाल) की दो राफेल स्क्वॉड्रन हिस्सा लेंगी। भारत ने गुरुवार दोपहर कठर सूरत युद्धपोत से मिसाइल की टेस्टिंग की। टेस्टिंग सफल रही। सतह से समुद्र पर हमला करने का सफल परीक्षण किया गया। इससे पहले भारत की जवाबी कार्रवाई के डर से पाकिस्तान ने 24-25 अप्रैल को कराची तट से दूर अपने विशेष आर्थिक क्षेत्र (एऐ) के भीतर सतह से सतह पर मार करने वाली मिसाइल का परीक्षण करने के लिए नोटिफिकेशन जारी किया था। पाकिस्तानी एयरफोर्स ने गुरुवार रात दहशत में काटी। कराची एयरबेस से 18 फाइटर जेट भारत से लगी सीमा की तरफ के पाक एयरफोर्स स्टेशनों पर भेजे गए। सरकार ने सभी राजनीतिक दलों के साथ मिलकर इस मुद्दे पर चर्चा की है। सभी दलों ने एक साथ मिलकर आतंकवाद की निंदा की है। सरकार का कहना है कि वह आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में एकजुट है। भारत सरकार ने आतंकवाद के खिलाफ अपनी लड़ाई को और तेज कर दिया है। सरकार ने कई तरह के कदम उठाए हैं। इन कदमों से आतंकवाद को रोकने में मदद मिलेगी।

भारत सरकार आतंकवाद को जड़ से खत्म करने के लिए प्रतिबद्ध है।


## 'दुश्मनों ने देश की आत्मा पर हमला किया, आतंकियों को कल्पना से भी बड़ी सजा देंगे'

### बिहार से पीएम मोदी की हुंकार

**मोदी ने कहा इस आतंकी हमले में किसी ने अपना बेटा खोया, किसी ने भाई खोया, किसी ने अपना जीवनसाथी खोया है। कोई बांग्ला बोलता था, कोई मराठी था, कोई गुजराती था, कोई ओड़िया था, कोई बिहार का लाल था।**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज बिहार में है। बिहार में उन्होंने विभिन्न परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। हालांकि, पहलगाम आतंकी हमले के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का यह पहला सार्वजनिक कार्यक्रम था। उन्होंने अपने संबोधन की शुरूआत करते हुए वहां मौजूद लोगों से पहलगाम आतंकी हमले में जान गवांने वाले लोगों को श्रद्धांजलि देने की अपील की। इस दौरान प्रधानमंत्री ने अपने दोनों हाथ जोड़ रखे थे। मोदी ने कहा कि 22 अप्रैल को मासूम देशवासियों को जिस बेरहमी से आतंकवादियों ने मारा है, उससे पूरा देश गुस्से में है। पीड़ित परिवारों के साथ पूरा देश खड़ा है।

मोदी ने कहा इस आतंकी हमले में किसी ने अपना बेटा खोया, किसी ने भाई खोया, किसी ने अपना जीवनसाथी खोया है। कोई बांग्ला बोलता था, कोई मराठी था, कोई गुजराती था, कोई ओडिया था, कोई बिहार का लाल था। आज सभी की मृत्यु पर कारगिल से कन्याकुमारी तक दुख और आक्रोश एक जैसा है। उन्होंने कहा कि हमला सिर्फ निहत्थे पर्यटकों पर नहीं हुआ है, देश के दुश्मनों ने भारत की आत्मा पर हमला करने का दुस्साहस किया है। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि जिन्होंने यह हमला किया है, उन आतंकवादियों को और इस हमले की साजिश रचने वालों को उनकी कल्पना से भी बड़ी सजा मिलेगी, सजा मिल कर रहेगी। अब आतंकियों की बाची-कुची जमीन को भी मिट्टी में मिलाने का समय आ गया है।



## कोई इससे राजनीतिक लाभ ना ले: अखिलेश यादव

### आतंकवाद का कोई धर्म नहीं होता, उनका मुख्य उद्देश्य भय पैदा करना

**▸▸सपा प्रमुख ने कहा कि ऐसी घटना की हम लोग निंदा करते हैं, सरकार कड़ी से कड़ी कार्रवाई करे आतंकवादियों के खिलाफ क्योंकि आतंकवादियों का कोई धर्म नहीं होता।**

एजेंसी

नयी दिल्ली। समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव ने कहा कि पार्टी ने फैसला किया है कि सर्वदलीय बैठक में पार्टी के प्रधान महासचिव राम गोपाल यादव मौजूद रहेंगे और बैठक में समाजवादी पार्टी का पक्ष रखेंगे। हम इस घटना की निंदा करते हैं। सरकार को सख्त कार्रवाई करनी चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि आतंकवाद का कोई धर्म नहीं होता। उनका मुख्य उद्देश्य भय पैदा करना, व्यापार को प्रभावित करना है। इसके साथ ही अखिलेश ने साफ तौर पर कहा कि इस घटना से किसी भी राजनीतिक दल को राजनीतिक लाभ नहीं उठाना चाहिए। सपा प्रमुख ने कहा कि ऐसी घटना की हम लोग निंदा करते हैं, सरकार कड़ी से कड़ी कार्रवाई करे आतंकवादियों के खिलाफ क्योंकि आतंकवादियों का कोई धर्म नहीं होता। इससे पहले उन्होंने एक्स पर लिखा कि केंद्र की सरकार को जम्मू-कश्मीर में प्राथमिकता के सर्वोच्च स्तर पर, सबसे पहले सुरक्षा के वातावरण को सुनिश्चित करने की जरूरत है,



## लाल फाइल के साथ राष्ट्रपति से मिले अमित शाह, एस जयशंकर भी रहे मौजूद

**इस बीच, विदेश मंत्रालय (एमईए) ने पहलगाम आतंकी हमले पर जानकारी देने के लिए अमेरिका, ब्रिटेन, यूरोपीय संघ, इटली, कतर, जापान, चीन, रूस, जर्मनी, फ्रांस के शीर्ष राजनयिकों को बुलाया। विदेश सचिव ने 30 मिनट तक चली बैठक के दौरान इन राजनयिकों को जानकारी दी।**

एजेंसी

नयी दिल्ली। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और विदेश मंत्री एस जयशंकर ने गुरुवार को राष्ट्रीय राजधानी स्थित राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की। यह बैठक मंगलवार को दक्षिण कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के बाद बुलाई गई थी, जिसमें एक नेपाली नागरिक सहित 26 लोगों की

### सर्जिकल स्ट्राइक के डर से पाकिस्तान खौफजदा

गोली मारकर हत्या कर दी गई थी, जिनमें से ज्यादातर पर्यटक थे। रिपोर्ट के अनुसार, मंत्रियों ने राष्ट्रपति को पहलगाम आतंकवादी हमले के बारे में जानकारी दी, घटना और मौजूदा स्थिति के बारे में विस्तृत जानकारी दी। इस बीच, विदेश मंत्रालय (एमईए) ने पहलगाम आतंकी हमले पर जानकारी देने के लिए अमेरिका, ब्रिटेन, यूरोपीय संघ, इटली, कतर, जापान, चीन, रूस, जर्मनी, फ्रांस के शीर्ष राजनयिकों को बुलाया। विदेश सचिव ने 30 मिनट तक चली बैठक के दौरान इन राजनयिकों को जानकारी दी। विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने गुरुवार को पहलगाम आतंकी हमले पर जर्मनी, जापान, पोलैंड, ब्रिटेन और रूस समेत नई दिल्ली स्थित चुनिंदा देशों के राजदूतों को जानकारी दी।




## पूरी शक्ति से आतंक के विषैले फनों को कुचला जाएगा: सीएम योगी

**☞हिंदू मां-बहनों के सामने उनके सिंदूर के साथ बर्बरता करने वाले आतंकवादियों और उनके आकाओं को इसकी सजा जरूर मिलेगी: योगी**

**☞आतंकवाद और उग्रवाद के प्रति भारत की जीरो टॉलरेंस की नीति, पूरे भारत को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर विश्वास करना चाहिए: मुख्यमंत्री**

एजेंसी

कानपुर। पहलगाम आतंकी हमले का शिकार बने कानपुर के शुभम द्विवेदी का गुरुवार को ड्योढ़ी घाट पर हजारों लोगों की मौजूदगी में राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। इससे पूर्व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी कानपुर के लाल को अंतिम विदाई दी। परिवार को सांत्वना देने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गुरुवार सुबह शुभम के हाथीपुर (कानपुर) स्थित आवास पर पहुंचे और वहां उन्होंने शुभम के पार्थिव शरीर को नमन कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस दौरान उन्होंने शुभम के पिता से बातचीत की और उनकी पत्नी से पूरी आपबीती सुनी।



## हम कश्मीरियों को दुश्मन न समझें, हमारी कोई गलती नहीं, ये सब पाकिस्तान ने किया

**उमर अब्दुल्ला का बड़ा बयान**

**उमर अब्दुल्ला ने बाद में मीडिया से कहा कि हमारी संवेदनाएं शोकाकुल परिवारों के साथ हैं, चाहे वो 25 मेहमान हों या हमारे स्थानीय बहादुर युवा जिन्होंने दूसरों की जान बचाने के लिए अपनी जान की परवाह न करते हुए खुद को दूसरों के लिए कुर्बान कर दिया।**

एजेंसी



जम्मू-कश्मीर। अन्य भारतीय राज्यों में कश्मीरी छात्रों को परेशान किए जाने की खबरों पर प्रतिक्रिया देते हुए जम्मू एवं कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने गुरुवार को कहा कि वह अपने समकक्षों के संपर्क में हैं और उन्होंने उनसे लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने का आग्रह किया है। उन्होंने एक पोस्ट में कहा कि राज्य प्रशासन उन राज्यों की सरकारों के संपर्क में है, जहां से ये खबरें आ रही हैं। उनका यह बयान नेशनल कॉन्फ्रेंस के प्रवक्ता इमरान नबी डार की पोस्ट के जवाब में था, जिसमें उन्होंने सीएम से परेशान करने वाली खबरों के बीच कदम उठाने का आग्रह किया था। उमर अब्दुल्ला ने बाद में मीडिया से कहा कि हमारी संवेदनाएं शोकाकुल परिवारों के साथ हैं, चाहे वो 25 मेहमान हों या हमारे स्थानीय बहादुर युवा जिन्होंने दूसरों की जान बचाने के लिए अपनी जान की परवाह न करते हुए खुद को दूसरों के लिए कुर्बान कर दिया। मैं जम्मू-कश्मीर के लोगों को इस घटना के खिलाफ सामने आने के लिए धन्यवाद देता हूं। उन्होंने आगे कहा कि मैं देश के लोगों से अनुरोध करता हूं कि वे कश्मीरियों को दुश्मन न समझें। इसमें हमारी कोई गलती नहीं है। ये सब पाकिस्तान ने किया है। कश्मीरियों ने भी 35 साल तक इसे बर्दाश्त किया है।

## पहलगाम के मृतकों को दी गई आखिरी विदाई

### सूरत में बेटे, पुणे में बेटी ने पिता को मुखाग्नि दी, मृतक शुभम की पत्नी का दर्द. 48 घंटे पहने रही पति की शर्ट

**पहलगाम आतंकी हमले में पहली गोली कानपुर के शुभम द्विवेदी को मारी गई थी। शुभम की 68 दिन पहले शादी हुई थी। पत्नी की आंखों के सामने उनका सिंदूर उजड़ गया। हत्या के 48 घंटे बाद कानपुर में शुभम का अंतिम संस्कार किया गया।**



एजेंसी

जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में जान गंवाने वाले मृतकों की गुरुवार को आखिरी विदाई हुई। गुजरात के भावनगर में मृतक पिता यतीशभाई सुधीरभाई परमार और बेटे स्मित यतीशभाई परमार का अंतिम संस्कार किया गया।

सूरत में मृतक शैलेशभाई कलथिया को बेटे ने मुखाग्नि दी। बेटे ने हमले वाले दिन के बारे में बताया कि हम घुड़सवारी कर रहे थे, तभी आतंकवादी आ गए। हिंदू और मुसलमान को अलग होने के कहा। फिर कलमा पढ़ने को बोलने लगे। इसके बाद मुसलमानों को छोड़ दिया और हिंदुओं को गोली मारी दी।

इधर पुणे में मृतक संतोष जगदाले का बेटी असावरी ने अंतिम संस्कार किया। इनके अलावा, बेंगलुरु के मंजूनाथ और भारत भूषण, पुणे के कौस्तुभ गणबोटे, ओडिशा के प्रशांत सतपथी और आंध्र प्रदेश के मधुसूदन राव की अंतिम यात्रा में भारी भीड़ जुटी। वहीं, जयपुर में सीए नीरज उधवानी के पार्थिव शव के पास पत्नी आयुषी रोती रहीं। रायपुर में बेटे शौर्य ने मृतक पिता दिनेश मिरानिया के अंतिम संस्कार की रस्में निभाई। इंदौर के सुशील नथानियल को ईसाई रीति-रिवाज से अंतिम विदाई दी गई। कानपुर के शुभम द्विवेदी के घर योगी पहुंचे। बिहार के आबी ऑफिसर मनीष रंजन का आज शाम बंगाल के झालदा अंतिम संस्कार होगा।

**लड़ना** | **हिमंत बोले- एक रहेंगे तो सेफ रहेंगे**

# 'हिंदुओं-मुसलमानों को आतंकवाद से मिलकर लड़ना होगा'

एजेंसी



**होजई में पंचायत चुनाव रैली को संबोधित करते हुए सरमा ने कहा कि पहले आतंकवादी अपने लक्ष्य की धार्मिक पहचान कभी नहीं पूछते थे, लेकिन पहलगाम में पीड़ितों से पूछा जाता था कि वे किस धर्म से हैं। हिंदुओं से एकजुट रहने का आह्वान करते हुए उन्होंने कहा, एक रहेंगे तो सेफ रहेंगे।**

नयी दिल्ली। असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने कहा कि हिंदुओं और मुसलमानों को मिलकर आतंकवाद से लड़ना होगा और पाकिस्तान और बांग्लादेश जैसे देशों को दंडित करना होगा। होजई में पंचायत चुनाव रैली को संबोधित करते हुए सरमा ने कहा कि पहले आतंकवादी अपने लक्ष्य की धार्मिक पहचान कभी नहीं पूछते थे, लेकिन पहलगाम में पीड़ितों से पूछा जाता था कि वे किस धर्म से हैं। हिंदुओं से एकजुट रहने का आान करते हुए उन्होंने कहा, एक रहेंगे तो सेफ रहेंगे। सरमा ने कहा कि भाजपा सरकार में सभी धर्मों के लोग सुरक्षित हैं और आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में सभी को एकजुट होने का आग्रह किया। उन्होंने कहा, हिंदुओं और मुसलमानों को मिलकर आतंकवाद से लड़ना होगा और पाकिस्तान तथा बांग्लादेश जैसे देशों को दंडित करना होगा। सरमा ने दावा किया कि असम में रहने वाले कुछ लोग अप्रत्यक्ष रूप से पाकिस्तान का समर्थन कर रहे हैं और चेतावनी दी कि ऐसे किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा, चाहे वह कितना भी महत्वपूर्ण क्यों न हो। उन्होंने राज्य के एक कांग्रेस सांसद के बारे में भी बात की, जो सरकार को सूचित किए बिना 15 दिनों तक पाकिस्तान में रहे। हिमंत बिस्वा सरमा ने कहा कि पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद भारत द्वारा सिंधु जल संधि को निलंबित करने का निर्णय आक्रामक कूटनीति के नए युग की शुरूआत है। उन्होंने कहा कि इस संधि को निलंबित करना भारत का पलटवार है क्योंकि जल सुरक्षा, राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ी हुई है।

मंगलवार को दक्षिण कश्मीर के पहलगाम स्थित बैसरन में आतंकवादियों ने हमला कर 26 लोगों की हत्या कर दी थी, जिनमें अधिकांश पर्यटक थे। शर्मा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार के कार्यकाल में सभी धर्मों के लोग सुरक्षित हैं। उन्होंने सभी से आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में एकजुट होने का आग्रह किया। उन्होंने कहा, हिंदुओं एवं मुसलमानों को आतंकवाद से मिलकर लड़ना होगा और पाकिस्तान एवं बांग्लादेश जैसे देशों को दंडित करना होगा।

शर्मा ने दावा किया कि असम में रह रहे कुछ लोग पाकिस्तान का अप्रत्यक्ष रूप से समर्थन कर रहे हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि ऐसे किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा, चाहे वह कोई भी क्यों न हो। उन्होंने राज्य से कांग्रेस के एक सांसद का भी जिक्र किया जो सरकार को सूचित किए बिना 15 दिनों तक पाकिस्तान में रहे।

## भारत अपनी स्वतंत्रता, संप्रभुता, सुरक्षा से समझौता नहीं करेगा: खट्टर



**खट्टर ने यह बात यहां स्वदेशी शोध संस्थान द्वारा आयोजित एक अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में कही। उनकी यह टिप्पणी जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में मंगलवार को हुए आतंकवादी हमले की पृष्ठभूमि में आई है।**

एजेंसी

नयी दिल्ली। केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर ने बृहस्पतिवार को कहा कि भारत सार्वभौमिक भाईचारे की बात करता है, लेकिन जब बात अपनी स्वतंत्रता, संप्रभुता और सुरक्षा की हो तो वह कोई समझौता नहीं करेगा। खट्टर ने यह बात यहां स्वदेशी शोध संस्थान द्वारा आयोजित एक अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में कही।

उनकी यह टिप्पणी जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में मंगलवार को हुए आतंकवादी हमले की पृष्ठभूमि में आई है। इस हमले में 26 लोग मारे गए हैं और कई घायल हुए हैं। आवास एवं शहरी मामलों के मंत्री ने आतंकवादी हमले में मारे गए लोगों के प्रति संवेदना व्यक्त की। उन्होंने कहा, अगर दुनिया के पास परमाणु हथियार हैं, तो हम भी पीछे नहीं हैं। हम विश्व बंधुत्व की बात करते हैं, लेकिन जैसा कि आम बोलचाल में कहा जाता है, हम किसी को छेड़ेंगे नहीं, लेकिन कोई छेड़ेगा तो छोड़ेंगे नहीं।


उन्होंने कहा, हमें अपनी स्वतंत्रता और संप्रभुता की रक्षा के लिए तैयार रहना होगा। हम विश्व बंधुत्व की बात करते हैं, लेकिन हम अपनी सुरक्षा से समझौता नहीं करते।


# सम्पादकीय

## हिंदी विरोध की सस्ती राजनीति, नेताओं के पास जनकल्याण के मुद्दे खत्म

हिंदी का चाहे जितना विरोध कीजिए लेकिन यह हिंदी की ताकत है कि वह बढ़ती ही जाती है। आज दुनिया के डेढ़ सौ से अधिक विश्वविद्यालयों में हिंदी पढ़ाई जाती है। अधिकांश विदेशी एयरलाइंस अंग्रेजी के साथ-साथ अपने एनाउंसमेंट हिंदी में भी करती हैं। वर्ष 2024 में 5235 प्रकाशकों ने 38943 लेखकों की नब्बे हजार से अधिक पुस्तकें हिंदी में प्रकाशित की थीं। एक बार फिर हिंदी की पिटाई हो रही है। पहले तमिलनाडु में हुई। फिर महाराष्ट्र में। कारण बताया गया कि नई शिक्षा नीति के जरिये तमिलनाडु और महाराष्ट्र में हिंदी थोपने की साजिश की जा रही है। हिंदी को साम्राज्यवादी भाषा भी बताया जा रहा। कुछ लोग तो कहने लगे हैं कि हिंदी सांप्रदायिक भी है।एक भाषा जिसके बोलने वाले साठ करोड़ लोग हैं, उसे जबझ्रतब धर लिया जाता है। दरअसल जब नेताओं के पास जनकल्याण के मुद्दे खत्म हो जाते हैं, तो वे इसी तरह सस्ती राजनीति के सहारे लोगों की भावनाओं को भड़काकर वोट जुटाते हैं। जनतंत्र की यह ताकत भी है और कमजोरी भी कि कोई किसी को कभी भी निशाने पर ले सकता है। लतिया सकता है, चाहे वह भाषा ही क्यों न हो। यह हिंदी के लोगों की उदारता ही कही जाएगी कि वे अपनी भाषा के अपमान को एक कड़वा घूंट समझकर झेल लेते हैं। पिछले दिनों हिंदी के बहुत से ऐसे लोगों की पोस्ट भी देखी, जो हिंदी से खाते-कमाते हैं, लेकिन हिंदी थोपने के फर्जी नैरेटिव को आगे बढ़ाते हैं। हिंदी लेखक तो प्रायः इस मसले पर कुछ बोलते ही नहीं, जबकि सच यह है कि जब तक हिंदी पढ़ने-बोलने वाले हैं, तभी तक उनकी पुस्तकें पढ़ी जा रही हैं। हिंदी विश्वविद्यालयों में पढ़ाई जाती है तो इसीलिए कि वह रोजगार की भाषा भी है। हिंदी बोलने वालों की बड़ी आबादी को देखते हुए बड़े-बड़े कॉरपोरेट लोगों की जेब तक पहुंचने के लिए अपने-अपने उत्पादों का विज्ञापन हिंदी में करवाते हैं। वे हिंदी के जरिये भारी मुनाफा तो कमाते हैं, लेकिन हिंदी और हिंदी भाषियों के लिए करते क्या हैं, ये वही बता सकते हैं। पूरा हिंदी फिल्म उद्योग महाराष्ट्र में है, जो वहां की सरकार की आर्थिकी को चलाने में मदद करता है, रोजगार देता है, लेकिन हिंदी जब पिटती है, तो बड़े-बड़े कलाकार खामोश हो जाते हैं। कौन आफत मोल ले, क्योंकि उनकी फिल्मों की भाषा हिंदी जरूर है, लेकिन जीवन की भाषा अंग्रेजी है। बहुत कम कलाकार हैं, जो हिंदी में बात करना पसंद करते हैं। आखिर हिंदी क्षेत्र से आने वाले कितने नेता हैं, जो हिंदी के पक्ष में बोलते हैं। हां, उन्हें हिंदी क्षेत्रों में रहने वाले लोगों के वोट जरूर चाहिए। लोकसभा की 50 प्रतिशत से अधिक सीटें हिंदी भाषी इलाकों से आती हैं। बड़ी संख्या में दक्षिण भारतीय फिल्में हिंदी में डब की जाती हैं और वे खूब पैसा कमाती हैं।

## आज का विचार




**मेष राशिः** दिन आपके लिए खुशनुमा रहेगा. कल आपका पूरा समय परिवार वालों के साथ बीतेगा. घर के कामों में कल जीवनसाथी का सहयोग करेंगे. साथ ही बच्चों के करियर के लिए उनके गुरु से परामर्श लेंगे.

**वृष राशिः** आपका दिन बेहतरीन रहेगा. इस समय बेहतर यही होगा कि आप जिनके साथ रहते हैं उनके साथ विवादों में पड़ने की बजाय विवादों से दूर ही रहें. इस राशि के बिजनेस करने वाले कल एक ऐसी परियोजना के भागीदार बन सकते है, जिससे आपके करियर की दिशा बदलेगी.

**मिथुन राशिः** आपके लिए बढ़िया रहेगा. कल आपको पिछले कुछ समय से अपने करियर और निजी जीवन संबंधी किए गए प्रयासों का फल मिलने का समय है. कल आपको कोई बड़ी सफलता हाथ लग सकती है. जिससे आपका मन प्रसन्न रहेगा. हो सकता है कि घर पर छोटी-सी पार्टी भी करें.

**कर्क राशिः** दिन आपके अनुकूल रहेगा. कल आपका झुकाव कुछ हद तक अध्यात्म की ओर रहेगा. कल आपका मन साहित्यिक चीजों को पढ़ने में लगेगा, जिससे आपको अपने जीवन में आगे बढ़ने के लिये कुछ नये विचार आ सकते हैं. इस राशि के स्टूडेंट्स कल अपनी पढ़ाई की योजना में बदलाव कर सकते है.

**सिंह राशिः** आपके लिए उत्तम रहेगा. कल आपके लिये परिवार और करियर के बीच संतुलन बनाना काफी आसान होगा. साथ ही कल घर पर आप किसी की असमंजस की भावना को दूर करेंगे.

**कन्या राशिः** आपके लिए खास रहेगा. कल आप जो काम भी हाथ में लेंगे उसे पूरे मन से करेंगे. जिससे आपको सफलता हासिल होगी. साथ ही निराशा की भावनाजो कुछ दिनों से आपके अंदर भरी हुई थी, कल वो गायब हो जाएगी. इस राशि के जो लोग स्टील के बर्तन का बिजनेस करते है, कल उन्हें धनलाभ होने के आसार है,

**तुला राशिः** आपके मन में नए-नए विचार आऐंगे. अगर आप किसी काम की तैयारी बहुत पहले से सोच कर बैठे है, तो कल उस योजना की शुरूवात कर सकते हैं.

**वृश्चिक राशिः** दिन सामान्य रहने वाला है. कल बिजनेस पार्टनर के साथ जरुरी मीटिंग करने के बाद रात को डिनर के लिए किसी अच्छे रेस्टोरेंट में जा सकते है, इससे आपके बिजनेस को फायदा होगा. किसी पुरानी बात को लेकर कल आप उलझन में रहने वाले है.

**धनु राशिः** आपका दिन फायदेमंद रहेगा. इस राशि के सरकारी एग्जाम की तैयारी करने वाले स्टूडेंट्स को कल जॉब के कुछ अच्छे ऑफर मिल सकते हैं. जहां जरुरत लगे, वहां समझौता करने के लिए तैयार रहें. घर के कार्यों को निपटाने के लिहाज से दिन अच्छा है. पारिवारिक जीवन में खुशियां बनी रहेंगी.

**मकर राशिः** आपका दिन अच्छा रहेगा. कल आर्थिक स्थिति सामान्य बनी रहेगी. कल सामने आयी चुनौतियों को आसानी से निपटा लेंगे. कल आपके अच्छे व्यवहार से लोग खुश रहेंगे. साथ ही कल आप किसी अपनों की मदद कर सकते है.

**कुम्भ राशिः** आपका दिन ठीक-ठाक रहेगा. कल परिवार के किसी सदस्य को बड़ी सफलता प्राप्त होगी. घर पर पार्टी भी करेंगे. इस राशि के लोगों को कल ऑफिस में अपनी कड़ी मेहनत के कारण पदोन्नति मिलेगी. कल आप फिजूल खर्च से बचें. कल आप अपनी किसी मीठी यादों को याद करके आनन्द की अनुभूति करेंगे.

**मीन राशिः** आपके लिए खुशियों से भरा रहेगा. कल आप अपना ज्यादा से ज्यादा समय परिवारजनों के साथ बिताएंगे, साथ ही आप सभी के साथ कहीं पिकनिक पर जाने का प्लान बना सकते हैं. इस राशि वाले लोगों को कल उनकी मेहनत का अच्छा फल मिलने वाला है. कल आपका दिन ऑफिस कार्यों के प्रति अनुकूल रहेगा, साथ ही सीनियर्स आपकी बात को गंभीरता से लेंगे. ऑफिस में प्रमोशन भी हो सकता है. कल आपके जीवन में कई दिनों चली आ रही पैसों की दिक्कतें खत्म होने वाली है.

**ज्योतिष सेवा केन्द्र**
**ज्योतिषाचार्य पंडित अतुल शास्त्री**

# जिहादी आतंक का उपचार, पाकिस्तान की भी चौतरफा घेराबंदी

> यह भी ध्यान देने योग्य है कि पाकिस्तानी फौज बलूचिस्तान और खैबर-पख्तूनख्वा में बलूच और पश्तून विद्रोहियों से बार-बार मात खा रही है। हाल में बलूच राष्ट्रवादियों ने कई दिनों तक पाकिस्तानी सैनिकों को ले जा रही ट्रेन को बंधक बनाकर रखा था। इस सबसे खीझे मुनीर को कहना पड़ा था कि 1500 बलूच विद्रोही पाकिस्तानी फौज का कुछ नहीं बिगाड़ सकते।

कश्मीर के पहलगाम में पर्यटकों को उनके धर्म के आधार पर निशाना बनाकर किए गए आतंकी हमले में 28 लोगों की जान चली गई और कई घायल हो गए। आतंकियों ने हत्या करने से पहले पुरुष पर्यटकों से पता किया कि वे हिंदू हैं अथवा मुसलमान? पुरुष पर्यटकों के कपड़े उतार कर यह पुष्ट किया कि वे मुस्लिम तो नहीं हैं। कुछ पर्यटकों से कलमा सुनाने की भी मांग की गई और उसे सुनाने में असमर्थ लोगों की हत्या उनकी पत्नी और बच्चों के सामने ही कर दी गई। इस आतंकी हमले की कई हृदयविदारक तस्वीरें सामने आई हैं। कहीं तीन साल का बच्चा अपने पिता के लहूलुहान शव पर बैठा रो रहा है तो कहीं भारतीय नौसेना के एक अधिकारी की नवविवाहिता अपने मृत पति के शव के पास अकेली असहाय बैठी नजर आ रही है। मृतकों एवं घायलों में खुफिया विभाग के एक अधिकारी, भारतीय नौसेना, वायु सेना आदि सुरक्षा बलों से जुड़े अधिकारी भी शामिल हैं, जो अपने परिवारों के साथ छुट्टियां मनाने पहलगाम गए थे। इसका अंदेशा है कि आतंकियों को पर्यटन व्यवसाय से जुड़े स्थानीय लोगों ने उनके वहां होने की मुखबिरी की हो। इन आतंकियों को शरण भी स्थानीय लोगों ने दी होगी। यह पहली बार नहीं है कि स्थानीय लोगों द्वारा आतंकियों के लिए उनके लक्ष्य की निशानदेही की गई हो। इससे पहले प्रधानमंत्री पुनर्वास पैकेज के जरिये कश्मीर में सरकारी नौकरियों पर भेजे गए कश्मीर के विस्थापित हिंदुओं की भी उनके ही साथी कर्मियों की मुखबिरी के चलते हत्या के मामले



सामने आ चुके हैं। ऐसी ही भेदियों की वजह से सैन्य बलों पर भी कई हमले हो चुके हैं। कश्मीर में हिंदुओं को निशाना बनाने की यह पहली घटना नहीं। जून 2024 में रियासी में शिवखोड़ी मंदिर से लौट रहे तीर्थयात्रियों की बस पर आतंकियों ने घात लगाकर हमला किया था। उसमें नौ तीर्थयात्रियों की मौत हो गई थी। कश्मीरी समाज में आतंकी संगठनों की पैठ कितनी गहरी है, इसे इससे समझा जा सकता है कि इस वर्ष ही जम्मू-कश्मीर सरकार के पांच कर्मचारियों को नौकरी से इसलिए निकालना पड़ा, क्योंकि सरकार में रहते हुए भी वे आतंकी संगठनों के लिए काम कर रहे थे। ऐसे और सरकारी कर्मचारी हैं, जिनकी आतंकी संगठनों से मिले होने के संदेह में जांच हो रही है। कश्मीर में फैले इस्लामी कट्टरपंथ का यह वह सच है, जो अक्सर बाकी देश की जनता तक नहीं पहुंच पाता। अनुच्छेद 370 यह सोचकर भी हटाया गया था कि देश का कोई भी नागरिक अन्य राज्यों की भांति चाहेगा तो कश्मीर में भी व्यवसाय स्थापित कर सकेगा या जब चाहे वहां आवाजाही कर सकेगा। कश्मीर में गहराई से व्याप्त इस्लामिक कट्टरपंथ के चलते ऐसा होना आज तक संभव नहीं हो सका और पीएम पैकेज के जरिये नौकरी करने भेजे गए कश्मीर के ही मूल निवासी हिंदुओं की भी निशाना बनाकर हत्याएं हुईं। यह यही सिद्ध करता है कि कश्मीर केवल राजनीतिक या संवैधानिक समस्या नहीं है और न ही उसे पारंपरिक सैन्य कार्रवाई से नियंत्रित किया जा सकता है। कश्मीर में तब तक पूर्ण रूप से शांति स्थापित नहीं हो सकती, जब तक जिहादी कट्टरपंथ से ग्रस्त कश्मीरियों का वैचारिक उपचार न हो। चीन अपने मुस्लिम बाहुल्य शिनजियांग प्रांत में यही कर रहा है। चीन की कम्युनिस्ट सरकार अलगाववादी एवं आतंकी विचारधारा की गिरफ्त में आ चुके लोगों को पुनर्शिक्षण कैंपों में भेजती है।ञ्इन कैंपों में ऐसे लोगों के मन-मस्तिष्क में भर चुकी कट्टरपंथी जिहादी विचारधारा को निकाला जाता है और उन्हें गैर-मुसलमानों के प्रति मानवीय संवेदनाएं रखने की शिक्षा दी जाती है। चीन के इस अकेले मुस्लिम बहुल प्रांत में इस्लामी शिक्षा पर सरकारी नियंत्रण है और वहां के मस्जिद-मदरसों में इस्लामी मान्यताओं या मजहबी शिक्षा के नाम पर कोई भी ऐसी चीज नहीं पढ़ाई जा सकती, जिससे कि गैर-मुसलमानों के प्रति घृणा की भावना पनपे अथवा मजहब के नाम पर चीन से अलगाववाद की मानसिकता जन्म ले यही कारण है कि जहां कई युद्ध लड़ने के बाद भी इजरायल जिहादी आतंक को पूरी तरह नष्ट नहीं कर पाया है, वहीं चीन ने शिनजियांग में इस्लामी आतंकवाद को पूरी तरह काबू कर लिया है। दुर्भाग्यवश जम्मू-कश्मीर में दशकों से आतंकवाद से जूझते भारत ने सैकड़ों नागरिक और सुरक्षा बलों के जवान गंवाने के बाद भी जिहादी आतंक की विचारधारा के स्रोतों पर कोई लगाम नहीं लगाई है। कम्युनिस्ट चीन को छोड़िए, अब तो उदारवादी फ्रांस और जर्मनी तक कट्टरपंथी मस्जिदों पर ताले जड़ रहे हैं, लेकिन भारत में इस पर कोई चर्चा तक संभव नहीं हो पाती। पहलगाम में भीषण आतंकी हमला पाकिस्तान के सेना प्रमुख जनरल आसिम मुनीर के उस भाषण के एक हफ्ते के भीतर हुआ, जिसमें उन्होंने हिंदुओं और भारत के विरुद्ध जमकर जहर उगला था। उन्होंने जिन्ना के नफरती द्विराष्ट्रवाद के सिद्धांत का समर्थन भी किया था। पुलवामा हमले और बालाकोट में भारत की जवाबी कार्रवाई के बाद से पाकिस्तानी फौज जम्मू-कश्मीर में छोटे आतंकी हमले करा रही थी और किसी बड़े आतंकी हमले से बच रही थी। ऐसे में अचानक से पाकिस्तान को इस दुस्साहस की हिम्मत कहां से आई? संभवतः पाकिस्तान को लगता है कि बांग्लादेश में भारत के विपरीत हालात होने के चलते और एलएसी पर भारतीय सेना के चीनी सेना से तनाव की स्थिति का वह फायदा उठा सकता है। यह भी ध्यान देने योग्य है कि पाकिस्तानी फौज बलूचिस्तान और खैबर-पख्तूनख्वा में बलूच और पश्तून विद्रोहियों से बार-बार मात खा रही है। हाल में बलूच राष्ट्रवादियों ने कई दिनों तक पाकिस्तानी सैनिकों को ले जा रही ट्रेन को बंधक बनाकर रखा था। इस सबसे खीझे मुनीर को कहना पड़ा था कि 1,500 बलूच विद्रोही पाकिस्तानी फौज का कुछ नहीं बिगाड़ सकते। भारत को चाहिए कि पाकिस्तान के विरुद्ध ऐसी सैन्य कार्रवाई करे, जिससे पाकिस्तान को मजबूर होकर अपने सैनिक बलूचिस्तान और खैबर-पख्तूनख्वा से हटाकर भारतीय सीमा पर लाने पड़ें और इसका लाभ बलूच और पश्तून उठा पाएं। पाकिस्तान की चौतरफा घेराबंदी की जानी चाहिए।

# आखिर क्यों हुआ पहलगाम पर आतंकी हमला

(मनोज कुमार अग्रवाल)

एक बार फिर जम्मू-कश्मीर में शांति स्थापित करने के सरकारी दावों को पलीता लगाते हुए पाकिस्तान समर्थित चरमपंथी आतंकियों ने 28 बेगुनाह पर्यटकों की हत्या को अंजाम देकर समूचे देश को झकझोर दिया है। लंबे समय बाद जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में बड़ा आतंकी हमला हुआ है, 28 से ज्यादा पर्यटकों की मौत की आशंका है। इस हमले को तीन आतंकियों ने अंजाम दिया है जिनके तार टीआरपीएफ से जुड़े हुए है। इस संगठन को लश्कर का ही प्रॉक्सी बताया जाता है। शुरूआती जानकारी के मुताबिक दहशतगर्दों ने 50 राउंड फायरिंग की थी, कुछ रिपोर्ट्स में यहां तक दावा हुआ है,कि लोगों से उनका मजहब पूछकर मारा गया। जाहिर है सदियां बदली,तारीखें बदली,लेकिन इक्कीसवीं सदी में भी कुछ जनूनी,चरमपंथी बर्बर मानसिकता नहीं बदली जो कभी हमास कभी तालिबान तो कभी लश्कर ए तैयबा का मुखौटा लगा कर बेगुनाहों का मजहब पूछ कर खून की होली खेलते हैं। जरूरत इस बर्बर मानसिकता के इलाज की है।आपको बता दें कि आतंकियों ने पहलगाम जैसे टूरिस्ट स्पॉट को ही हमले के लिए क्यों चुना? इसके पीछे एक बड़ी वजह आने वाले दिनों में शुरू होने वाली अमरनाथ यात्रा के श्रद्धालुओं में दहशत फैला कर यात्रा में बाधा उत्पन्न करना है। दूसरी वजह अमेरिकी उपराष्ट्रपति के भारत दौरे के दौरान इस तरह की खूनी वारदात कर कश्मीर के मुद्दे को विश्वमंच पर जिंदा रखने की पाकिस्तान की साजिश है। जानकार बताते हैं कि जम्मू-कश्मीर का पहलगाम इलाका जंगलों से घिरा हुआ है, यह काफी ऊंचाई पर स्थित है। अब वैसे तो पूरे जम्मू-कश्मीर में सुरक्षाबलों की भारी तैनाती दिखती है, लेकिन पहलगाम एक ऐसी जगह है जहां दूसरे क्षेत्रों की तुलना में कम सिक्योरिटी रहती है। इससे पहले



पहलगाम में क्योंकि कभी ऐसा हमला भी नहीं हुआ, ऐसे में ज्यादा फोर्स नहीं देखी गई। पहलगाम आए पर्यटक खुद बता रहे हैं कि जब हमला हुआ, कोई फोर्स उस समय वहां नहीं थी, लोग ही एक दूसरे की भागने में मदद कर रहे थे।

जाहिर है कि सरकार कुछ भी दावा करे लेकिन सुरक्षा में भारी कोताही और सजगता में चूक ही इस आतंकी हमले के पीछे एक बड़ी वजह बनी है। दरअसल लंबे समय से आतंकवाद पर नियंत्रण के बाद कहीं न कहीं सुरक्षा एजेंसियों की सतर्कता में थोड़ी ढील हुई और आतंकी इसी का फायदा उठाकर हिन्दू पर्यटकों के साथ खून की होली खेलने में कामयाब हो गए।

कई रिपोर्ट्स बता रही हैं कि इस आतंकी हमले के एक घंटे बाद सुरक्षाबल वहां आने शुरू हुए, इलाके को कंट्रोल में लिया गया। लेकिन आतंकियों को इस पूरे इलाके की जानकारी थी, उन्हें भी पता था कि यहां दूसरे क्षेत्रों की तुलना में सुरक्षा कम है। पहलगाम के जिस इलाके में हमला हुआ है, वहां पर वाहन भी नहीं जाते हैं, पर्यटक खच्चर के जरिए ही वहां तक पहुंचते हैं, इसे ट्रैक वाला इलाका माना जाता है। ये सारी जानकारी भी इन दहशतगर्दों को पहले से थी।

माना जा रहा है कि इसी वजह से टूरिस्ट सीजन में पहलगाम को निशाना बनाया गया। वहीं यह इलाका क्योंकि जंगलों से घिरा हुआ है, ऐसे में आतंकी वहां से आए और वहीं से भाग भी गए। अभी के लिए पूरे इलाके में बड़े स्तर पर सर्च ऑपरेशन चल रहा है, एनआईए भी वहां पहुंच चुकी है।

पहलगाम को निशाना बनाने का एक बड़ा कारण यह भी है कि अमरनाथ यात्रा के रूट में यह क्षेत्र पड़ता है। अमरनाथ जाने के दो रास्ते रहते हैं, एक रास्ता पहलगाम से होते हुए जाता है। ऐसे में आतंकी हमला कर ना सिर्फ पर्यटकों के मन में डर पैदा करने की कोशिश हुई है बल्कि सरकार को भी सीधी चुनौती दे दी गई है। समझने वाली बात यह भी है कि जम्मू-कश्मीर की सबसे ज्यादा आय पर्यटन के जरिए होती है, जितने अधिक टूरिस्ट घाटी में आते हैं, उतना ही जम्मू-कश्मीर का विकास भी होता है। लेकिन कश्मीरियों और कश्मीर का विकास इन आतंकियों की सबसे बड़ी हार है, ऐसे में उसे खत्म करने के लिए ऐसे कायराना हमले पहले भी किए जा चुके हैं। जम्मू-कश्मीर में पर्यटकों पर हुआ ये अब तक का सबसे बड़ा हमला है। इससे पहले भी घाटी में टूरिस्ट्स को निशाना बनाकर भय का माहौल बनाने की कोशिश हुई है। हमले के बाद फरार हुए आतंकियों को मार गिराने के लिए सुरक्षा बलों ने भी बड़ा अभियान छेड़ दिया है। कश्मीर में यह हमला उस समय हुआ, जब अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस भारत दौरे पर आए हैं।साल 2000 से अब तक जम्मू-कश्मीर में आतंकी कई बार पर्यटकों, श्रद्धालुओं और स्थानीय को अपना निशाना बना चुके हैं। आतंकवादियों ने 21 मार्च की रात को अनंतनाग जिले के छत्तीसिंहपोरा गांव में अल्पसंख्यक सिख समुदाय को निशाना बनाया, जिसमें 36 लोग मारे गए। अगस्त 2000 में नुन्वान बेस कैंप पर हुए आतंकी हमले में दो दर्जन अमरनाथ तीर्थयात्रियों सहित 32 लोग मारे गए। जुलाई 2001 में 13 लोग मारे गए। अनंतनाग के शेषनाग बेस कैंप पर हुए इस आतंकी हमले में अमरनाथ यात्रियों को फिर से निशाना बनाया गया, जिसमें 13 लोग मारे गए। एक अक्टूबर 2001 को श्रीनगर में जम्मू-कश्मीर राज्य विधानमंडल परिसर पर आत्मघाती (फिदायीन) आतंकी हमला हुआ, जिसमें 36 लोग मारे गए। 2002 में चंदनवाड़ी बेस कैंप पर आतंकी हमला हुआ और 11 अमरनाथ यात्री मारे गए। 23 नवंबर, 2002 को जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग पर दक्षिण कश्मीर के लोअर मुंडा में एक इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (आईईडी) विस्फोट में नौ सुरक्षा बल कर्मियों, तीन महिलाओं और दो बच्चों सहित उन्नीस लोगों की जान चली गई। 23 मार्च 2003 को आतंकवादियों ने पुलवामा जिले के नंदी मार्ग गांव में 11 महिलाओं और दो बच्चों सहित कश्मीरी पंडितों की हत्या कर दी। 13 जून को पुलवामा में एक सरकारी स्कूल के सामने भीड़भाड़ वाले बाजार में विस्फोटकों से लदी एक कार में विस्फोट होने से दो स्कूली बच्चों और तीन सीआरपीएफ अधिकारियों सहित तेरह नागरिक मारे गए और 100 से अधिक लोग घायल हो गए। 12 जून 2006 को कुलगाम में नौ नेपाली और बिहारी मजदूर मारे गए। 10 जुलाई 2017 को कुलगाम में अमरनाथ यात्रियों की बस पर हमला हुआ ,जिसमें 8 की मौत हो गई थी।

बहरहाल इस बेहद बर्बरता व कायरता भरे आतंकी हमले में जिस तरह आंतकियों ने पर्यटकों से उनका धर्म पूछा मजहबी आयत बोलने के लिए कहा और नहीं बोलने पर गोलियों से भून दिया यह समूचे विश्व में कथित शांति का पैगाम देने वाले मजहब पर भी गहरा बदनुमा दाग लगाता है।

# आईएसआई.और टीआरफ का हाथ ,आतंकवाद के फन को कुचलने का माकूल समय

संजीव ठाकुर

जम्मू कश्मीर पहलगाम पर्यटन स्थल में सेना की वर्दी में आए चार पांच आतंकवादियों ने पर्यटन पर स्टील बुलेट से हमला कर 26 भारतीय तथा दो विदेशियों की निर्मम हत्या कर दी है। यह पुलवामा आतंकी हमले के बाद का सबसे बड़ा हमला है 28 मृतकों में अधिकांश पर्यटक हैं इसमें दो विदेशी तथा दो स्थानीय लोग शामिल है इसमें एक आईबी अफसर भी शामिल है। ज्ञात हो इस हमले की जिम्मेदारी टीआरएफ(दी रेसिस्टेंट फ्रंट) आतंकी संगठन ने अपने ऊपर ली है टीआरएफ संगठन लश्कर तैयबा पाकिस्तानी आतंकवादी संगठन है जिसको पाकिस्तान की सरकार और आई एस आई का खुला समर्थन प्राप्त है एवं पाकिस्तान सेना इन्हें हथियार तथा धन मुहैया कराती है। यह हमला स्टील बुलेट से किया गया स्टील बुलेट चीन द्वारा पाकिस्तान सेना को युद्ध के लिए दी जाती है और यह स्टील बुलेट पाकिस्तान सुना ने लश्कर तैयबा के लड़ाकू आतंकवादियों को इस घटना को अंजाम देने के लिए दी गई थी। दुखद बात यह है कि आतंकवादियों ने पर्यटकों से उनका धर्म पूछ पूछ कर पुरुषों को गोली मारी एवं महिलाओं को को छोड़कर उनसे कहा गया है कि अपनी सरकार को बता देना। इन सभी मृतक पर्यटकों में महाराष्ट्र राजस्थान उड़ीसा छत्तीसगढ़ एवं देश के अन्य राज्यों के निवासी शामिल है। जिस घोड़े के रेसकोर्स मैदान में निर्दोष पर्यटकों को मारा गया वहां पूरे मैदान में कहीं छुपने की जगह भी नहीं थी ऐसे में पर्यटक असहाय तथा असमर्थ थे। कुल मिलाकर यह एक दर्दनाक एवं निर्मम हत्याकांड को आतंकवादियों द्वारा अंजाम दिया गया ऐसे में अब आतंकवादियों तथा उनकी सोच को समूह नष्ट किया जाना चाहिए। यह आलेख लिखते समय जानकारी मिली है कि अनुसार दो आतंकवादियों को सेवा के जवानों ने मार गिराया है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इस घटना की निंदा कर भारत को संपूर्ण समर्थन देने का वादा किया है दूसरी तरफ रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन एवं फ्रांस, कनाडा, इंग्लैंड एवं अन्य यूरोपीय देशों में भी भारत का समर्थन किया है। यह हमला भी ऐसे समय में किया गया है जब अमेरिका को राष्ट्रपति कई सामरिक तथा व्यापारिक अनुबंधों पर चर्चा एवं हस्ताक्षर करने चार दिन की यात्रा पर भारत पधारे हैं, इसके अलावा वक्फ बोर्ड पर मुसलमान लगातार हड़ताल कर रहे हैं साथ ही प्रधानमंत्री सऊदी अरब की 2 दिन की यात्रा पर हैं। यह ऐसे समय टीआरएफ ने जानबूझकर चुना जिसमें सरकार का ध्यान इन पर ना जा सके। प्रधानमंत्री मोदी अपनी सऊदी अरब की यात्रा को स्थगित कर वापस आ चुके हैं एवं जम्मू कश्मीर में सुरक्षा बलों की हाई लेवल की बैठक भी जारी है। जांच एजेंसी के अनुसार या हमला पर्यटकों पर हाइब्रिड आतंकवादियों द्वारा किया गया हाइब्रिड आतंकवादी वे आतंकवादी है जो सामान्य रूप से इंजीनियर, डॉक्टर, मजदूर, कारीगर, पेंटर कुछ भी हो सकते हैं एवं इनको छुप करहथियार चलाने की ट्रेनिंग दी जाती है एवं मौका आने पर इनको हथियार उपलब्ध कराकर कराकर उनके आतंकवाद फैलाने का आदेश दिया जाता है यह हाइब्रिड आतंकवादी वारदात को अंजाम देकर फिर सामान्य जन जीवन में छुप जाते हैं जिनको चिन्हित करना तथा इनसे निपटना एक बड़ी समस्या है। वैसे अब टेक्नोक्रेट आतंकवादी भी कई तरह के आतंकवाद को जन्म दे रहे हैं यह आतंकवादी टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल कर का कई तरह से आतंकवाद फैलाने में सफल हुए हैं।वैसे तो उग्रवाद, आतंकवाद और अतिवाद हमेशा से अंतरराष्ट्रीय शांति के लिए खतरा बने हुए हैं पहले यह आतंकवादी हाथों में बंदूक, ग्रेनेटो, रॉकेट लांचर लेकर विभिन्न देशों में तोड़फोड़ आगजनी और हत्या की घटनाएं किया करते थे

# आपके आंसू मगरमच्छ जैसे.... कुत्ता माफिया कहने वाली महिला को नहीं मिली माफी

**बॉम्बे हाईकोर्ट ने नवी मुंबई की पॉश सोसाइटी की महिला पदाधिकारी को एक हफ्ते जेल की सजा सुनाई है। कोर्ट ने महिला को न्यायपालिका के खिलाफ गंभीर टिप्पणियों के लिए माफी देने से इंकार कर दिया। कोर्ट ने कहा कि आपकी माफी मगरमच्छ के आंसू जैसी है।**



भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मुंबईः बॉम्बे हाई कोर्ट ने अदालत की अवमानना करने के लिए एक महिला को माफी देने से इंकार कर दिया है। हाई कोर्ट ने आपराधिक अवमानना के आरोप में दोषी ठहराया। कोर्ट ने महिला को एक सप्ताह कारावास की सजा सुनाई। बॉम्बे हाईकोर्ट के न्यायाधीश ने कहा कि आपकी माफी मगरमच्छ के आंसू की तरह है। माफी का आग्रह स्वीकार्य नहीं है। अदालत ने 2000 रुपये का जुमार्ना लगाते हुए सात दिन जेल की सजा सुनाई, हालांकि कोर्ट ने बाद में वकील के आग्रह पर महिला की जेल की सजा को 10 दिन के निलंबित कर दिया।क्या था पूरा मामला ?नवी मुंबई स्थित सीवुड्स एस्टेट सोसायटी की प्रबंध समिति के एक सदस्य को हाईकोर्ट की आपराधिक अवमानना का दोषी ठहराया। सोसाइटी में रहने वाले लीला वर्मा कोर्ट में एक याचिका दी थी। उन्होंने आरोप लगाया था कि सोसायटी की कार्रवाई ने आवारा जानवरों को खिलाने के उनके मौलिक अधिकारों का उल्लंघन किया है। सोसाइटी की तरफ याचिका लंबित रहने के दौरान ही एक सर्कुलर जारी किया गया था। इसे कॉलोनी के 1,500 निवासियों के बीच वितरित किया गया था। इसमें उच्च न्यायपालिका के खिलाफ गंभीर आरोप लगाए गए थे। हाई कोर्ट और सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीशों को शामिल करते हुए कुत्ते माफिया के आरोप शामिल थे। कोर्ट ने सर्कुलर में कही गई बातों को न्यायिक कार्यवाही पर सीधा हमला माना।

# पहलगाम में आतंकवादी हमले में पुणे की महिला ने पति को खोया

## शरद पवार ने शोक संतप्त परिवारों से मुलाकात की और श्रद्धांजलि अर्पित की

### परिवार ने हमलावरों की कायरता की निंदा की और कार्रवाई की मांग की

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



पुणेः जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादी हमले में अपने पति को खोने वाली पुणे की एक महिला ने गुरुवार को कहा कि जब हमलावरों को पुरुषों से अजान पढ़ने के लिए कहते देखा तो उन्होंने और समूह की अन्य महिलाओं ने तुरंत अपने माथे से बिंदी हटा दी और ह्यअल्लाहु अकबरह्न कहना शुरू कर दिया। उन्होंने कहा कि लेकिन अपनी धार्मिक पहचान छिपाने के ये प्रयास विफल हो गए। क्योंकि बंदूकधारी आतंकवादियों ने महिला के पति और उसके मित्र को भी नहीं बख्शा। मंगलवार को पहलगाम के निकट बैसरन में आतंकवादियों के हमले में मारे गए 26 लोगों में शामिल कौस्तुभ गणबोटे की पत्नी संगीता गणबोटे ने कहा कि जब एक स्थानीय मुस्लिम व्यक्ति ने हमलावरों से पूछा कि वे निर्दोष लोगों को क्यों मार रहे हैं, तो उन्होंने उसे भी गोली मार दी। गणबोटे ने राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी-शरदचंद्र पवार (राकांपा-एसपी) शरद पवार को हमले के भयावह मंजर के बारे में बताया।

### शरद पवार को सुनाया भयावह अनुभव

शरद पवार गुरुवार को शोक संतप्त परिवार से मिलने गए थे, जहां उन्होंने दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की। कौस्तुभ गणबोटे के अलावा उनके बचपन के दोस्त संतोष जगदाले भी आतंकी हमले में मारे गए। दोनों परिवार एक साथ कश्मीर की यात्रा पर आये थे। तभी चार हथियारबंद आतंकवादियों के समूह ने उन्हें बैसरन में रोका और उनसे धर्म से संबंधित सवाल पूछने लगे। संगीता गनबोटे ने भावुक होते हुए कहा कि आतंकवादी सभी से ह्यअजानह्न पढ़ने पर जोर दे रहे थे। समूह की सभी महिलाओं ने इसे पढ़ना शुरू कर दिया, लेकिन फिर भी उन्होंने हमारे पुरुषों को मार डाला।

### मुस्लिम व्यक्ति के टोकने पर उसे भी मार डाला

एक स्थानीय मुस्लिम व्यक्ति चारों आतंकवादियों से भिड़ गया और उनसे पूछा कि वे निर्दोष लोगों की हत्या क्यों कर रहे हैं? आतंकवादियों ने उसे भी गोली मार दी। उन्होंने कहा कि जब मेरे पति के दोस्त (जगदाले) को आतंकवादियों ने बुलाया और पूछा कि क्या वह ह्यअजानह्न पढ़ सकता है। तो समूह की सभी महिलाओं ने तुरंत अपने माथे से बिंदी हटा दी और अल्लाहु अकबर कहना शुरू कर दिया। लेकिन आतंकवादियों ने उन दोनों (जगदाले और गणबोटे) को मार डाला और वहां से भाग गए। पीड़ित जगदाले की बेटी असावरी और उनकी मां प्रतिभा ने भी पवार को भयावह मंजर के बारे में बताया।परिवार ने पवार को बताया कि चार से पांच आतंकवादी कहीं से आए और हमसे पूछने लगे कि हम हिंदू हैं या मुसलमान और पूछा कि क्या कोई मुसलमान है जो कलमा पढ़ सकता है।

फास्ट ट्रैक

# शिवसेना नेता विक्रम प्रताप सिंह की रेल मंत्री से मांग

### मुंबई से जौनपुर तक चले वंदे भारत ट्रेन

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मुंबई। मुंबई और आसपास के शहरों में बड़ी संख्या में जौनपुर के लोग रहते हैं। पर्याप्त रेल सुविधा नहीं होने के कारण वहां के लोगों को अनेक प्रकार की कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। जौनपुर के लोगों की लंबित मांग को देखते हुए शिवसेना, मीरा भायंदर विधानसभा प्रमुख विक्रम प्रताप सिंह ने आज शिवसेना सांसद नरेश मस्के के साथ पश्चिम रेलवे के महाप्रबंधक अरविंद मिश्रा को रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव के नाम ज्ञापन देकर वंदे भारत ट्रेन चलाने की मांग की। साथ ही उन्होंने राजस्थान जाने वाली ट्रेनों को भायंदर स्टेशन पर ठहराव करने की भी मांग की। पश्चिम रेलवे के महाप्रबंधक के साथ की गई बैठक में उन्होंने मीरा रोड स्टेशन तथा भायंदर स्टेशन पर यात्रियों को हो रही सुविधाओं की भी चर्चा की। इस अवसर पर शिवसेना जिला अध्यक्ष राजू भोईर तथा कपिल परमार भी उपस्थित रहे। इस बारे में पत्रकारों से बात करते हुए विक्रम प्रताप सिंह ने कहा कि जौनपुर तक वंदे भारत ट्रेन चलने से जौनपुर के साथ-साथ निकटवर्ती जिलों में रहने वाले लाखों मुंबई वासियों को फायदा होगा। वर्तमान में जौनपुर के लिए सीधी तीव्र और आधुनिक रेल सेवा का अभाव है। जो ट्रेन हैं , उनसे यात्रा करने पर 28 से 30 घंटे लगते हैं। विशेष कर त्योहार और छुट्टियों के मौसम में टिकट मिलना अत्यंत मुश्किल हो जाता है। उन्होंने कहा कि अयोध्या और वाराणसी के बीच स्थित जौनपुर तक वंदे भारत ट्रेन चलने से पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा।

# पहलगाम हमले में मारे गए हिंदुओं को मिले शहीद का दर्जा... 26 के बदले 52 आतंकी करो ढेर, महाराष्ट्र भाजपा नेता की मांग

- महाराष्ट्र के बीजेपी नेता ने सरकार से की मांग
- पहलगाम के मृतकों को मिले शहीद का दर्जा
- महाराष्ट्र के छह लोगों की हमले में हुई है मौत



भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मुंबईः जम्मू-कश्मीर में पहलगाम आतंकी हमले के खिलाफ पूरे देश में आक्रोश है। पहलगाम हमलें में धर्म पूछकर हिंदुओं को मारे जाने के बाद महाराष्ट्र बीजेपी के नेता मांग की है कि सभी मृतक हिंदुओं को शहीद का दर्जा दिया जाए। अंधेरी में आयोजित श्रद्धांजलि सभा के दौरान भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष एसएम खान ने कहा कि आतंकी हमले में मारे गए सभी हिंदू भाइयों को शहीद का दर्जा दिया जाना चाहिए। खान ने कहा कि धर्म पूछ कर उनकी हत्या किए जाने घटना बहुत ही शर्मनाक व कायराना है। पहलगाम आतंकी हमले में महाराष्ट्र के सबसे ज्यादा छह टूरिस्ट की मौत हुई है।जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुई आतंकी घटना के विरोध में मुंबई में जगह-जगह विरोध प्रदर्शन हुआ। भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष एसएम खान ने कहा कि सरकार 26 के बदले 52 आतंकवादियों को मार कर देश के 140 करोड़ देशवासियों को जल्द से जल्द सरकार खबर दे।खान ने कहा कि हम मारे गए हमारे भाइयों को जीवित तो नहीं कर सकते लेकिन उनके बदन से निकले हुए एक-एक खून के कतरे का बदला आतंकवादियों के खून बहाकर लिया जाना चाहिए।पाकिस्तान के खिलाफ फूटा आक्रोशमुंबई में मृतकों के शव पहुंचने पर माहौल गमगीन हो गया। पहलगाम की घटना के विरोध में मुंबई में बीजेपी नेताओं ने प्रदर्शन किया। बीजेपी के मुंबई अल्पसंख्याक मोर्चा की ओर से प्रदेश कार्यालय परिसर में जम्मू-कश्मीर के पहलगाम हमले की घटना के विरोध में प्रदर्शन किया गया। इस अवसर पर अल्पसंख्याक मोर्चा के पदाधिकारी, कार्यकर्ता बड़े पैमाने पर उपस्थित थे। इस विरोध प्रदर्शन में पाकिस्तान मुदार्बाद , आतंकवाद मुदार्बाद की तख्तियां हाथ में पकड़ कर हमले के विरोध में नारेबाजी की गई। मोदी सरकार के समर्थन में ह्यअमितभाई आगे बढ़ो हम तुम्हारे साथ हैह्न इस प्रकार के नारे लिखीं तख्तियां प्रदर्शनकारियों के हाथ में थीं। इस अवसर पर भाजपा अल्पसंख्याक मोर्चा के अध्यक्ष वासिम खान, उपाध्यक्ष सलमान खान, मासुक सिद्दीकी मौजूद रहे।

# पुणे पोर्श केसः ब्लड सैंपल बदलने की आरोपी नाबालिग की मां को 10 महीने बाद मिली जमानत

- सुप्रीम कोर्ट ने पुणे पोर्श कार हादसे में मां को दी बेल
- ब्लड सैंपल बदलने के खुलासे पर हुई थी गिरफ्तारी
- सुप्रीम कोर्ट से बेल मिलने के बाद हो सकेगी रिहाई

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



पुणेः सुप्रीम कोर्ट ने पुणे पोर्श एक्सिडेंट केस में आरोपी नाबालिग की मां को जमानत दे दी। उन्हें 10 महीने से ज्यादा जेल में बिताने के बाद यह राहत मिली है। जस्टिस बी आर गवई और ए जी मसीह की बेंच ने मंगलवार को गिरफ्तारी के कारणों को बताने के कानूनी सवाल पर कई याचिकाएं सुनीं। इन याचिकाओं में पोर्श हादसे के मुख्य आरोपी की मां की याचिका भी शामिल थी। कोर्ट ने कहा कि आरोपी की मां 10 महीने से ज्यादा समय से जेल में हैं इसलिए उन्हें जमानत दी जानी चाहिए। कोर्ट ने इस बात को भी ध्यान में रखा कि उन पर सबूतों से छेड़छाड़ करने का आरोप है। हालांकि सुप्रीम कोर्ट ने गिरफ्तार व्यक्ति को गिरफ्तारी के कारणों की जानकारी देने के कानूनी सवाल पर अपना फैसला सुरक्षित रख लिया है.

### खुलासे के बाद हुई थी अरेस्ट

19 मई 2024 को पुणे के कल्याणी नगर में पोर्श चला रहे नाबालिग वेदांत अग्रवाल ने बाइक सवार को टक्कर मार दी थी। इस हादसे में दो इंजीनियर अनीश अवधिया और अश्विनी कोष्टा की मौत हो गई थी। वेदांत का ब्लड सैंपल पुणे से ससून हॉस्पिटल में जांच के लिए भेजा गया था। बाद में पता चला कि ससून अस्पताल के दो डॉक्टरों ने पैसे के लालच में नाबालिग का ब्लड सैंपल उसकी मां के खून से बदल दिया गया। इस कारण ब्लड में शराब पीने की पुष्टि नहीं हो सकी थी। इस खुलासे के बाद वेदांत की मां को भी गिरफ्तार किया गया था। उन्होंने जमानत के लिए मुंबई हाई कोर्ट में याचिका लगाई थी, जिसे नामंजूर कर दिया गया। फिर उन्होंने सुप्रीम कोर्ट में इस फैसले को चुनौती दी।10 महीने बाद मिली बेल

एडवोकेट विक्रम चौधरी और निखिल जैन ने सुप्रीम कोर्ट में बिना कारण बताए गिरफ्तारी पर सवाल उठाए। उन्होंने बताया कि इसी केस में ब्लड सैंपल बदलने के दो अन्य आरोपियों को पुणे डिस्ट्रिक्ट कोर्ट से जमानत मिल गई है, जबकि वह पिछले 10 महीने से जेल में हैं। इसके बाद कोर्ट ने उन्हें जमानत देने का आदेश दिया। बता दें कि पुणे पोर्श केस में स्वास्थ्य विभाग ने सैंपल बदलने वाले ससून अस्पताल के दो डॉक्टरों डॉ. अजय तावरे और डॉ. श्रीहरि हलनोर का लाइसेंस रद्द कर दिया है।

# पश्चिम रेलवे दो जोड़ी ट्रेनों में अतिरिक्त जनरल सेकेंड क्लास कोच जोड़ेगी

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मुंबई, पश्चिम रेलवे ने सभी वर्गों के यात्रियों की यात्रा आवश्यकताओं को सुविधाजनक बनाने के लिए हमेशा ही तत्परता से कदम उठाए हैं। यात्रियों की सुविधा बढ़ाने और बढ़ती यात्रा मांग को पूरा करने के लिए पश्चिम रेलवे द्वारा दो जोड़ी स्पेशल ट्रेनों में दो जनरल सेकेंड क्लास कोच जोड़ने का निर्णय लिया गया है ।पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी श्री विनीत अभिषेक द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार,



उधना से चलने वाली दो स्पेशल ट्रेनों में दो जनरल सेकेंड क्लास कोच जोड़े जाएंगे, जो विशेष रूप से गर्मी की छुट्टियों के दौरान अपने गृहनगर जाने वालों के लिए बहुत बड़ी सौगात होगी। अतिरिक्त कोच प्रत्येक फेरे में लगभग 200 अतिरिक्त यात्रियों को ले जा सकेंगे। इन ट्रेनों का विवरण इस प्रकार हैः

1. ट्रेन संख्या 09031/09032 उधना-जयनगर (साप्ताहिक) स्पेशल ट्रेन में दो अतिरिक्त जनरल सेकेंड क्लास कोच उधना से 27 अप्रैल, 2025 से तथा जयनगर से 28 अप्रैल, 2025 से जोड़े जाएंगे।

2. ट्रेन संख्या 09027/09028 उधना-दानापुर (साप्ताहिक) स्पेशल ट्रेन में दो अतिरिक्त जनरल सेकेंड क्लास कोच उधना से 1 मई, 2025 से तथा दानापुर से 2 मई, 2025 से जोड़े जाएंगे। ट्रेनों के समय और ठहराव संबंध में विस्तृत जानकारी के लिए यात्री कृपया ६६६.ील्ल०४१८.ल्ल्र्ल्लि१ह्ल.ड्ढ५.ल्ल पर जाकर अवलोकन कर सकते हैं।

# भुसावल मंडल में भारतीय रेलवे प्रबंधन सेवा के परिवीक्षाधीन अधिकारियों के लिए विशेष सत्र का आयोजन

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



दिनांक 23 अप्रैल 2025 को भारतीय रेलवे के भविष्य निमार्ताओं – भारतीय रेलवे प्रबंधन सेवा के परिवीक्षाधीन अधिकारियों के लिए भुसावल मंडल में एक विशेष सत्र का आयोजन किया गया। यह सत्र मंडल रेल कार्यालय, भुसावल में संपन्न हुआ।इस सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में मंडल रेल प्रबंधक श्रीमती इति पांडेय उपस्थित रहीं। उन्होंने परिवीक्षाधीन अधिकारियों को प्रेरणादायी मार्गदर्शन प्रदान किया। उन्होंने रेलवे की प्रशासनिक प्रक्रिया, नेतृत्व कौशल, और पेशेवर जिम्मेदारियों के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी साझा की। कुल 33 परिवीक्षाधीन अधिकारियों ने इस सत्र से लाभ प्राप्त किया।यह अधिकारी वर्तमान में जोनल प्रशिक्षण संस्थान, भुसावल में अपने परिवीक्षाधीन प्रशिक्षण में सम्मिलित हैं। इस सत्र के माध्यम से उन्हें मुख्य नियंत्रक कार्यालय की कार्यप्रणाली से प्रत्यक्ष परिचय कराया गया। उन्हें कार्यालयीन दैनिक कार्य, विभागीय समन्वय, निर्णय लेने की प्रक्रिया, तथा यात्री एवं माल परिवहन प्रबंधन के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई ।इस सत्र में वाणिज्य एवं परिचालन विभाग के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे। उन्होंने अपने अनुभवों के आधार पर मंडल की कार्यप्रणाली, राजस्व वृद्धि के अवसर, ग्राहक सेवा प्रबंधन, और आपातकालीन स्थितियों से निपटने के तरीकों पर अपने विचार साझा किए।



भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

**मुम्बई। अंधेरी स्थित सहारा होटल में आयोजित एक समारोह में अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के महामंत्री प्रमोद सिंह राजपूत, प्रतापगढ़ भाजपा अध्यक्ष ओमप्रकाश तिवारी, सांसद संजय दिना पाटील, कैबिनेट मंत्री आशीष सेलार, बुधुल सिंह, राकेश सिंह राजेश पांडे, शारदा दुबे, पूर्व कमिशनर कस्टम मिश्रा, मुन्ना पांडे, लल्लन पांडे, शामिल हुए।**

# भावनगर-हैदराबाद स्पेशल ट्रेन का धरणगांव और अमलनेर स्टेशनों पर अतिरिक्त ठहराव

### नंदुरबार स्टेशन पर इस ट्रेन के आगमन और प्रस्थान के समय में परिवर्तन

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



मुंबई, यात्रियों की सुविधा के लिए ट्रेन संख्या 07061/07062 हैदराबाद-भावनगर स्पेशल ट्रेन को 2 मई, 2025 से हैदराबाद से तथा 4 मई, 2025 से भावनगर से शुरू होने वाली यात्रा से धरणगांव और अमलनेर स्टेशनों पर अतिरिक्त ठहराव प्रदान किया गया है। तदनुसार, नंदुरबार स्टेशन पर इस ट्रेन के आगमन और प्रस्थान के समय में भी परिवर्तन किया गया है ।पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी श्री विनीत अभिषेक द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, विवरण इस प्रकार हैः- ट्रेन संख्या 07061 हैदराबादभावनगर स्पेशल का धरणगांव स्टेशन पर आगमन/प्रस्थान 13:40/13:42 बजे होगा। इसी तरह, ट्रेन संख्या 07062 भावनगरहैदराबाद स्पेशल का धरणगांव स्टेशन पर आगमन/प्रस्थान 23:25/23:27 बजे होगा ।ट्रेन संख्या 07061 हैदराबादभावनगर स्पेशल का अमलनेर स्टेशन पर आगमन/प्रस्थान 14:01/14:03 बजे होगा। इसी तरह, ट्रेन सं. 07062 भावनगरहैदराबाद स्पेशल का अमलनेर स्टेशन पर आगमन/प्रस्थान 22:55/22:57 बजे होगा ।ट्रेन संख्या 07061 हैदराबादभावनगर स्पेशल का नंदुरबार स्टेशन पर आगमन/प्रस्थान 15:30/15:40 बजे होगा। इसी तरह, ट्रेन संख्या 07062 भावनगर-हैदराबाद स्पेशल का नंदुरबार स्टेशन पर आगमन/प्रस्थान 21:10/21:15 बजे होगा ।ट्रेनों के संबंध में विस्तृत जानकारी के लिए यात्री कृपया www.enquiry.indianrail.gov.in पर जाकर अवलोकन कर सकते हैं।

# 26/27 अप्रैल, 2025 को कांदिवली और बोरीवली के बीच पुल संख्या 61 का री-गर्डरिंग कार्य

### री-गर्डरिंग कार्य हेतु एक मेजर ब्लॉक के कारण कुछ ट्रेनें होंगी प्रभावित

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मुंबई, पश्चिम रेलवे द्वारा कांदिवली और बोरीवली स्टेशनों के बीच पुल संख्या 61 की रिगर्डरिंग का कार्य किया जाएगा, जिसके लिए 26 अप्रैल, 2025 (शनिवार) को 13:00 बजे से 27/28 अप्रैल, 2025 (रविवार/सोमवार) को 00:00 बजे तक 5वीं लाइन, कारशेड लाइन और कांदिवली ट्रैफिक यार्ड लाइन पर 35 घंटे का मेजर ब्लॉक लिया जाएगा ।पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी श्री विनीत अभिषेक द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, ब्लॉक अवधि के दौरान 5वीं लाइन पर चलने वाली उपनगरीय सेवाएं और मेल/एक्सप्रेस ट्रेनें फास्ट लाइनों पर चलाई जाएंगी। साथ ही, कुछ मेल/एक्सप्रेस ट्रेनें प्रभावित होंगी, जबकि कुछ उपनगरीय सेवाएं निरस्त रहेंगी। शनिवार अर्थात 26 अप्रैल, 2025 को लगभग 73 उपनगरीय सेवाएं निरस्त रहेंगी, जबकि रविवार अर्थात 27 अप्रैल, 2025 को लगभग 90 उपनगरीय सेवाएं निरस्त रहेंगी।

प्रभावित होने वाली मेल/एक्सप्रेस ट्रेनेंः-

1. 25 एवं 26 अप्रैल, 2025 की ट्रेन संख्या 19418 अहमदाबाद-बोरीवली एक्सप्रेस वसई रोड पर शॉर्ट टर्मिनेट होगी और वसई रोड एवं बोरीवली के बीच आंशिक रूप से निरस्त रहेगी।
2. 27 अप्रैल, 2025 की ट्रेन संख्या 19417 बोरीवली-अहमदाबाद एक्सप्रेस वसई रोड से शॉर्ट ओरिजिनेट होगी और वसई रोड एवं बोरीवली के बीच आंशिक रूप से निरस्त रहेगी।
3. 26 एवं 27 अप्रैल, 2025 की ट्रेन संख्या 19425 बोरीवली-नंदुरबार एक्सप्रेस भायंदर से शॉर्ट ओरिजिनेट होगी और भायंदर एवं बोरीवली के बीच आंशिक रूप से निरस्त रहेगी।
4. 26 अप्रैल, 2025 की ट्रेन संख्या 19426 नंदुरबार-बोरीवली एक्सप्रेस वसई रोड पर शॉर्ट टर्मिनेट होगी और वसई रोड एवं बोरीवली के बीच आंशिक रूप से निरस्त रहेगी।

यात्रियों से अनुरोध है कि कृपया उपर्युक्त व्यवस्था को ध्यान में रखकर यात्रा करें। प्रभावित उपनगरीय सेवाओं का विवरण अनुलग्नक के रूप में संलग्न है। विवरण पश्चिम रेलवे की आधिकारिक वेबसाइट wr.indianrailways.gov.inपर भी अपलोड किया गया है।

# पश्चिम रेलवे द्वारा चार जोड़ी स्पेशल ट्रेनों के फेरे विस्तारित

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मुंबई, पश्चिम रेलवे द्वारा यात्रियों की सुविधा तथा विशेष रूप से ग्रीष्मकाल के दौरान उनकी यात्रा मांग को पूरा करने के उद्देश्य से विशेष किराये पर 4 जोड़ी स्पेशल ट्रेनों के फेरे विस्तारित किये गये हैं।

पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी श्री विनीत अभिषेक द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार ट्रेनों का विवरण निम्नानुसार हैः

1. ट्रेन संख्या 09001/09002 मुंबई सेंट्रल-खातीपुरा सुपरफास्ट (त्रि-साप्ताहिक) स्पेशल

ट्रेन संख्या 09001 मुंबई सेंट्रल-खातीपुरा स्पेशल को 26 मई, 2025 तक विस्तारित किया गया है। इसी तरह, ट्रेन संख्या 09002 खातीपुरा-मुंबई सेंट्रल स्पेशल को 27 मई, 2025 तक विस्तारित किया गया है।

2. ट्रेन संख्या 09003/09004 मुंबई सेंट्रल - दिल्ली सुपरफास्ट (द्वि-साप्ताहिक) स्पेशल

ट्रेन संख्या 09003 मुंबई सेंट्रल-दिल्ली स्पेशल को 27 जून, 2025 तक विस्तारित किया गया है। इसी तरह, ट्रेन संख्या 09004 दिल्ली-मुंबई सेंट्रल स्पेशल को 28 जून, 2025 तक विस्तारित किया गया है।

3. ट्रेन संख्या 09007/09008 वलसाड खातीपुरा (साप्ताहिक) स्पेशल

ट्रेन संख्या 09007 वलसाडखातीपुरा स्पेशल को 22 मई, 2025 तक विस्तारित किया गया है। इसी तरह, ट्रेन संख्या 09008 खातीपुरा वलसाड स्पेशल को 23 मई, 2025 तक विस्तारित किया गया है।

4. ट्रेन संख्या 09425/09426 साबरमती हरिद्वार (द्वि-साप्ताहिक) स्पेशल

ट्रेन संख्या 09425 साबरमती हरिद्वार स्पेशल को 29 जून, 2025 तक विस्तारित किया गया है। इसी तरह, ट्रेन संख्या 09426 हरिद्वार साबरमती स्पेशल को 30 जून, 2025 तक विस्तारित किया गया है।

ट्रेन संख्या 09001 एवं 09007 के विस्तारित फेरों की बुकिंग शुरू है तथा ट्रेन संख्या 09003 एवं 09425 की बुकिंग 26 अप्रैल, 2025 से सभी पीआरएस काउंटरों और आईआरसीटीसी वेबसाइट पर शुरू होगी। ट्रेनों के ठहराव, समय और संरचना के संबंध में विस्तृत जानकारी के लिए यात्री कृपया www.enquiry.indianrail.gov.in पर जाकर अवलोकन कर सकते हैं।

## पहलगाम नरसंहार के विरुद्ध ठाणे में भाजपा का विरोध प्रदर्शन




भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

ठाणे , पहलगाम में पर्यटकों के साथ हुए क्रूर हत्याकांड के विरोध में भाजपा लोकमान्य नगर मंडल की ओर से विरोध प्रदर्शन कर मृतकों को श्रद्धांजलि दी गई। भाजपा जिला महामंत्री डॉ. समीरा भारती व मंडल अध्यक्ष भूषण पाटिल के नेतृत्व में हुए विरोध प्रदर्शन में भाजपा कार्यकताओं व नागरिकों ने पाकिस्तान मुदार्बाद के नारे लगाए तथा पाकिस्तान व आतंकवादियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की ।पहलगाम में हुई भयावह घटना में डोंबिवली के तीन करीबी रिश्तेदारों के मारे जाने की खबर ने ठाणे निवासियों को बेचैन कर दिया है।इस घटना में 26 निर्दोष लोगों की मौत पर नागरिक गुस्सा व्यक्त कर रहे हैं।इसी पृष्ठभूमि में मंडल अध्यक्ष भूषण पाटिल ने लोकमान्य नगर में धरना दिया।इस अवसर पर मृतकों को श्रद्धांजलि देने के लिए मोमबत्तियां जलाई गईं। इस विरोध प्रदर्शन में भाजपा के संत ज्ञानेश्वर नगर-वैतीवाडी मंडल अध्यक्ष भूषण पांडुरंग पाटिल, लोकमान्य नगर मंडल अध्यक्ष नीलेश पाटिल, पूर्व मंडल अध्यक्ष दयाशंकर यादव सहित मंडल के पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# मनपा के स्वामित्व वाली व्यावसायिक इमारत में अनधिकृत निर्माण से नागरिकों का जीवन खतरे में

## बिना ओसी और फायर एनओसी के भवन का उपयोग

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



ठाणे (प्रतिनिधि) गावदेवी मार्केट ठाणे मनपा द्वारा वर्ष 2014 में निर्मित एक व्यावसायिक इमारत है। शहर के मध्य भाग में एक व्यस्त क्षेत्र में स्थित इस इमारत के तहखाने में दोपहिया वाहनों के लिए पार्किंग है, भूतल में एक सब्जी बाजार और अन्य व्यावसायिक परिसर हैं,जबकि ऊपरी मंजिल में ठाणे मनपा के नौपाड़ा कोपरी वार्ड समिति कार्यालय के साथ-साथ रजिस्ट्रार कार्यालय और अन्य कार्यालय हैं।यहां हर दिन हजारों लोग आते-जाते हैं। लेकिन इस इमारत के पास अधिभोग प्रमाणपत्र (ओसीसी) नहीं है।बिल्डर या मालिक बिना ओसी के भवन या मकान का कब्जा किसी को नहीं दे सकता।इसे एक अपराध माना जाता है, ठाणे मनपा पिछले दस वर्षों से बिना ओसी वाली इमारत का व्यावसायिक उद्देश्यों के लिए धड़ल्ले से उपयोग कर रहा है। नियमों के अनुसार बिना ओसी के किसी को भी फायर एनओसी नहीं दी जा सकती।लेकिन इस भवन के निर्माण के बाद प्रारंभिक फायर एनओसी देते समय अग्निशमन विभाग ने कहा था कि मौजूदा विकास नियंत्रण नियमों के अनुसार, इस भवन को एक अलग नियंत्रण कक्ष प्रदान करना अनिवार्य है और स्थायी अग्निशमन और रोकथाम प्रणालियों के कामकाज की रिपोर्ट साल में दो बार अग्निशमन विभाग को प्रस्तुत की जानी चाहिए। लेकिन पिछले दस वर्षों में ऐसी कोई रिपोर्ट प्रस्तुत नहीं की गई है और वर्तमान में प्रथम दृष्टया यह स्पष्ट है कि इस भवन की अग्निशमन प्रणाली ठीक से काम नहीं कर रही है ।पुनर्वास के तौर पर इस भवन के भूतल को सब्जी बाजार के लिए दे दिया गया है। हालाँकि, सब्ज़ियाँ बेचने के बजाय यहाँ बड़ी संख्या में जगहों का उपयोग कपड़ों की दुकानों के लिए किया जा रहा है। साथ ही चूंकि नगर विकास विभाग की निरीक्षण रिपोर्ट में यह बात सामने आई है कि इस भवन के प्रवेश व निकास मार्ग, पूर्वी सीढ़ी व उत्तरी रैंप पर स्वीकृत नक्शे के अलावा अनाधिकृत निर्माण किया गया है तथा भूतल पर बड़ी संख्या में कपड़े की दुकानें हैं, इसलिए आग लगने की स्थिति में बाहर निकलते समय भगदड़ मचने तथा बड़ी दुर्घटना या जनहानि की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता। यदि इस स्थान पर अनधिकृत निर्माण को नगर विकास विभाग की पूर्वानुमति के बिना रियल एस्टेट विभाग द्वारा पुनर्वास के रूप में अनुमति दी गई है, तो यह एक तरह से भूस्वामियों के साथ की गई धोखाधड़ी है। इसलिए ठाणे कांग्रेस प्रवक्ता राहुल पिंगले ने मनपा आयुक्त सौरभ राव से मुलाकात करते हुए सवाल उठाया कि मनपा इस तरह से अंदर-बाहर जाने वाली सीढ़ियों के रास्ते में अनधिकृत निर्माण करके पुनर्वास कैसे कर सकती है, और इन सभी मामलों की जांच करने और दोषी अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। मनपा के स्वामित्व वाली इमारत के लिए कोई ओसी नहीं है, कोई फायर ऑडिट नहीं है, जिसके कारण ठाणे मनपा का कुप्रबंधन सामने आया है। क्या मनपा आयुक्त इसके लिए जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई करेंगे ऐसा सवाल राहुल पिंगले ने किया है।

फास्ट ट्रैक

## महिला ने फांसी लगाई

### बच्चे के रोने की आवाज सुनकर ससुर ने खटखटाया दरवाजा, पति दिल्ली में काम करता है

शाहजहांपुर, थाना तिलहर क्षेत्र में एक दर्दनाक घटना सामने आई। नगरिया गांव की 30 वर्षीय सुरजीता ने अपने कमरे में फांसी लगाकर जान दे दी। महिला के दो बच्चे हैं। एक चार साल का और दूसरा दो साल का है। घटना के समय छोटा बच्चा उनके साथ कमरे में था। महिला का पति संदीप कुमार बड़े बेटे के साथ दिल्ली में रहकर काम करता है। सुबह जब दो साल का बच्चा रोने लगा, तो ससुर ने दरवाजा खटखटाया। अंदर से कोई जवाब नहीं मिला। कुछ देर बाद दोनों बच्चे रोने लगे। इस पर ससुर ने स्थानीय लोगों और पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर कमरे का दरवाजा तोड़ा। महिला का शव फंदे से लटका हुआ मिला। पुलिस ने शव को नीचे उतारकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस का कहना है कि तहरीर मिलने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।



## रेस्टोरेंट में लगी भीषण आग

### खुटार रोड स्थित रेस्टोरेंट में 12 लाख का नुकसान, कारण अज्ञात

शाहजहांपुर, बंडा नगर में स्थित गुप्ता रेस्टोरेंट में आज अज्ञात कारणों से भीषण आग लग गई। खुटार रोड पर स्थित इस रेस्टोरेंट में आग लगने की सूचना मिलते ही आसपास के दुकानदार मौके पर पहुंचे। दुकानदारों ने आग बुझाने का प्रयास किया। लेकिन तेज हवाओं के कारण आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। रेस्टोरेंट के मालिक मनोज गुप्ता ने बताया कि आग से लगभग 10 से 12 लाख रुपए का नुकसान हुआ है। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंच गई है। पुलिस आग लगने के कारणों की जांच कर रही है। अभी तक आग लगने का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है।



## स्विफ्ट कार जलाने और फायरिंग का आरोपी गिरफ्तार

### शाहजहांपुर में अवैध तमंचा और कारतूस के साथ पकड़ाया, मालिक पर किया था हमला

शाहजहांपुर , खुदागंज पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई में आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी ने एक व्यक्ति की कार को जलाने के साथ उस पर जानलेवा हमला भी किया था। पुलिस ने गांव सूथा के रहने वाले सुमित सिंह को कमलापुर की नहर पुलिया से पकड़ा। उसके पास से 315 बोर का अवैध तमंचा और दो जिंदा कारतूस बरामद हुए। मामले की शिकायत सूथा गांव के ही कौशलेंद्र सिंह ने दर्ज कराई थी। उनकी शिकायत के अनुसार, सुमित ने उनके घर के बाहर खड़ी स्विफ्ट कार को आग लगा दी। जब कौशलेंद्र ने इसका विरोध किया, तो आरोपी ने उन पर भाले से हमला कर दिया। इतना ही नहीं, जब कौशलेंद्र इस घटना की शिकायत करने आरोपी के घर गए, तो सुमित ने उन पर तमंचे से फायर कर दिया।

## रईस हाई स्कूल एंड जूनियर कालेज को भिवंडी ओलंपिक में उल्लेखनीय सफलता

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



ठाणे , भिवंडी पश्चिम विधानसभा क्षेत्र के विधायक महेश प्रभाकर चौघुले द्वारा परशुराम टॉवर स्टेडियम में 10 अप्रैल से 21 अप्रैल 2025 तक होने वाले भिवंडी ओलंपिक में विभिन्न खेलों का आयोजन किया गया। इन मुकाबलों में अंतर-विद्यालयीन प्रतियोगिताएं 11 अप्रैल, 2025 को आयोजित की गयीं। जिनमे विभिन्न माध्यमों के कुल 45 विद्यालयों के छात्रों ने भाग लिया। उक्त मुकाबलों में रईस हाई स्कूल एंड जूनियर कालेज की ओर से विभिन्न आयु वर्ग के विद्यार्थियों ने उत्साह के साथ भाग लिया और सफलता प्राप्त की। हमारे छात्रों ने एथलेटिक्स स्पर्धा में सभी स्कूलों के बीच सराहनीय प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया और चैंपियन ट्रॉफी पर कब्जा किया। बीस हजार रुपये नकद पुरस्कार भी प्राप्त किया। रईस हाई स्कूल एंड जूनियर कालेज के छात्रों ने 4७100 मीटर रिले दौड़ में,14,17 और 19 वर्ष आयु वर्ग के लड़कों के समूह में प्रथम पुरस्कार,तथा 19 वर्ष की लड़कियों के समूह में भी प्रथम पुरस्कार और 17 वर्षीय आयु वर्ग में द्वितीय पुरस्कार जीता। इसी प्रकार 4७400 मीटर रेले रेस के 14,17 और 19 वर्ष आयु वर्ग के लड़कों की रिले दौड़ में प्रथम पुरस्कार जीता। 17 और 19 वर्ष आयु वर्ग की लड़कियों की रिले दौड़ में भी प्रथम पुरस्कार प्राप्त किया। इसी तरह 100/200/400 मीटर दौड़, शॉर्ट पुट, भाला फेंक और डिस्कस थ्रो स्पधाओं में भी पुरस्कार प्राप्त करने में सफल रहे।हमारे छात्रों ने विभिन्न खेलों में कुल 28 स्वर्ण पदक, 21 रजत पदक तथा 16 कांस्य पदक जीतकर स्कूल का नाम रोशन किया। सभी छात्रों का मार्गदर्शन जाकिर अंसारी, मुसय्यब मोमिन, शेख इकरा,अब्दुल लतीफ पंगारकर और एजाज हाशमी सर ने किया था। इस शानदार उपलब्धि पर केएमई सोसायटी के अध्यक्ष अलमाज फकीह, सचिव दानियाल काजी, कोषाध्यक्ष फहद बुबेरे,स्पोर्ट्स कमेटी के चेयरमैन दानिश मदू,रईस हाई स्कूल एंड जूनियर कॉलेज के चेयरमैन यासर तातली, प्रधानाचार्य जियाउर रहमान अंसारी, उप प्रधानाचार्य आमिर सिद्दीकी, सहायक प्रधानाध्यापक मुखलिस मदू, पर्यवेक्षक असरार पठान, सिब्तैन कशेलकर वाईसीएमओयू अध्ययन केंद्र के समन्वयक अब्दुल अजीज अंसारी और समस्त स्टाफ की ओर से सफल छात्रों और उनका मार्गदर्शन करने वाले शिक्षकों को बधाई दी है।

## पहलगाम हादसे से सहमे राज्य के पर्यटकों के मसीहा बने उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और सांसद डॉ.श्रीकांत शिंदे

स्थानीय शिवसैनिकों ने मृतकों को श्रद्धांजलि देते हुए अपने नेता एकनाथ शिंदे और सांसद डॉ. श्रीकांत शिंदे की खुलकर प्रशंसा की।





भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

अंबरनाथ.मंगलवार को जम्मू कश्मीर के पहलगाम में पर्यटकों पर हुए आतंकवादियों के हमले से पूरा देश स्तब्ध है। इस घृणित आतंकी घटना में महाराष्ट्र के पर्यटकों को सुरक्षित महाराष्ट्र वापस लाने में शिवसेना प्रमुख और उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और कल्याण लोकसभा के सांसद डॉ.श्रीकांत शिंदे की सक्रिय भूमिका से स्थानीय शिवसैनिकों में गर्व और अभिमान का भाव है कि उनके नेता ने ऐसी विकट परिस्थिति में यहां के पर्यटकों को अतिशीघ्र सुरक्षित घर वापसी कराई है। बताते चले कि पहलगाम हादसे के बाद वहां फंसे महाराष्ट्र के पर्यटकों को राज्य में वापस लाने के लिए राज्य के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री के राममोहन नायडू से अनुरोध करके बुधवार देर रात एक विशेष विमान से 75 पर्यटकों को सुरक्षित वापस लाने में सफल हुए हैं। एकनाथ शिंदे ने वहां जाकर सभी डरे सहमे पर्यटकों को हौसला दिया और उनके दुख दर्द को सुनकर ढाढस बंधाया। विशेष विमान से लौटने वाले सभी यात्रियों ने एकनाथ शिंदे के इस कार्य के लिए बहुत तारीफ की और उनके समर्थन में नारे भी लगाए। सांसद डॉ. श्रीकांत शिंदे ने भी तत्काल अपने पीए अभिजीत दरेकर को एक टीम के साथ तत्काल कश्मीर भेजा था। ज्ञात है कि डोंबिवली के भी तीन लोग इस घटना में हताहत हुए थे ।इस हादसे में डोंबिवली के भी तीन लोग अकाल मृत्यु को प्राप्त हुए हैं ।स्थानीय शिवसैनिकों नपा के पूर्व उपनगराध्यक्ष अब्दुलभाई शेख, पूर्व नगराध्यक्ष सुनील चौधरी, पूर्व नगरसेवक सुभाष सालुंके, शिवसेना उत्तर भारतीय समाज के नेता प्रमोद कुमार चौबे, यश जाधव, विकास सोमेश्वर, राहुल सोमेश्वर, ख्वाजा युनुस चौधरी आदि नेताओं और अन्य कार्यकताओं ने अपने उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और सांसद डॉ.श्रीकांत शिंदे की खुलकर प्रशंसा की है।

## सिद्धेश्वर तालाब में प्रदूषण के कारण हजारों मछलियों की मृत्यु

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



ठाणे , शहर के सिद्धेश्वर तालाब में हजारों मछलियाँ मर गई हैं। भाजपा के पूर्व नगर सेवक नारायण पवार ने आरोप लगाया है कि मनपा द्वारा तालाब में प्रदूषण दूर करने के लिए कदम नहीं उठाए जाने के कारण मछलियां मरी हैं। सिद्धेश्वर तालाब के आसपास के क्षेत्र में बड़ी संख्या में नागरिक रहते हैं और तालाब में प्रदूषण लगातार बढ़ रहा है। तालाब में विभिन्न स्थानों पर जल लिली एकत्रित हो गई हैं। इस तालाब के रख-रखाव का कार्य एक ठेकेदार को सौंपा गया है, हालाँकि, उनकी उपेक्षा की जा रही है। इस संबंध में मांबा के प्रदूषण नियंत्रण विभाग को लगातार शिकायत करने के बावजूद जलभराव नहीं हटाया गया है। पूर्व भाजपा नगर सेवक नारायण पवार ने आरोप लगाया कि इस कारण तालाब की हजारों मछलियां मर गईं। साथ ही इस संबंध में मनपा आयुक्त सौरभ राव को पत्र भेजकर ठेकेदार के खिलाफ कार्रवाई की मांग की गई है। साथ ही तालाब में प्रदूषण कम करने के लिए कदम उठाने का भी अनुरोध किया गया है। तालाब में मछलियां मरने की सूचना मिलने पर नारायण पवार सहित अन्य नागरिक तालाब क्षेत्र में आए और मनपा अधिकारियों से संपर्क किया। मृत मछलियों में बड़ी मछलियों का अनुपात चौंकाने वाला है।

## आतंकवाद को जड़ से समाप्त करने की भारत सरकार से की अपील

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



ठाणे , भारतीय मीडिया फाउंडेशन (बीएमएफ) के महाराष्ट्र राज्य प्रवक्ता बीपी शर्मा ने सभी राजनीतिक दलों से आतंकवाद के खिलाफ एकजुट होने का आह्वान किया है। उन्होंने कहा कि यह समय सभी राजनीतिक दलों के लिए एक साथ आकर आतंकवाद का विरोध करने का है। शर्मा ने आतंकवाद को एक नासूर बताते हुए कहा कि अब पक्ष और विपक्ष दोनों को मिलकर इसे खत्म करने के लिए एक संयुक्त कार्यक्रम बनाना चाहिए। उन्होंने सरकार से सभी राजनीतिक दलों की एक बैठक बुलाने और आतंकवाद के खिलाफ मिलकर मुकाबला करने का आग्रह किया। बीपी शर्मा का यह बयान देश में आतंकवाद की गंभीर चुनौती और उससे निपटने के लिए राजनीतिक एकता की आवश्यकता को दर्शाता है। उनका मानना है कि आतंकवाद किसी एक पार्टी या सरकार की समस्या नहीं है, बल्कि यह पूरे देश के लिए खतरा है। जिसका मुकाबला सभी को मिलकर करना होगा। उन्होंने जोर दिया कि राजनीतिक मतभेदों को भुलाकर एक साझा रणनीति तैयार करने की आवश्यकता है ताकि आतंकवाद को जड़ से उखाड़ फेंका जा सके ।भारतीय मीडिया फाउंडेशन के महाराष्ट्र राज्य प्रवक्ता बीपी शर्मा का यह आह्वान ऐसे समय में आया है जब जम्मू कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमले के बाद देश में आतंकवाद विरोधी कार्रवाई को और मजबूत करने की मांग उठ रही है। उनका मानना है कि सभी राजनीतिक दलों की एकजुटता से सरकार को आतंकवाद के खिलाफ निर्णायक लड़ाई लड़ने में अधिक शक्ति और समर्थन मिलेगा।

## प्रसव के बाद महिला की मौत का मामला

### परिजनों ने पंजाबी महासभा के साथ एसपी से की मुलाकात, नामजद डॉक्टरों के खिलाफ कार्रवाई की मांग

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क




शाहजहांपुर, एक निजी अस्पताल में प्रसव के दौरान हुई महिला की मौत के मामले में परिवार न्याय की मांग कर रहा है।

मोहनगंज निवासी चारू अहुजा को प्रसव पीड़ा होने पर ब्रजदीप अस्पताल में भर्ती कराया गया था। सीजेरियन के बाद बेटी का जन्म हुआ, लेकिन महिला की हालत बिगड़ने पर उसे कमला नर्सिंग होम रेफर कर दिया गया, जहां उसकी मौत हो गई। परिवार ने ब्रजदीप अस्पताल की डॉक्टर दीपा सक्सेना, कमला नर्सिंग होम के डॉक्टर और आईएमए के प्रदेश अध्यक्ष पीके अग्रवाल, डॉक्टर पाठक समेत एक अज्ञात डॉक्टर के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है। कार्रवाई न होने पर पीड़ित परिवार पंजाबी महासभा के साथ एसपी से मिला। पुलिस अधीक्षक ने सीओ सिटी को पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट देने का निर्देश दिया है। मामले की जांच एसपी सिटी को सौंपी गई है। पुलिस ने गंभीरता से जांच कर उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

## यातायात नियमों को लेकर डीएम सख्त

### बिना हेलमेट पेट्रोल भरवाने पर होगा चालान, पेट्रोल पंप के कैमरे आईटीएमएस से जुड़ेंगे

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क




शाहजहांपुर, सड़क सुरक्षा को मजबूत करने के लिए जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने कई अहम निर्णय लिए हैं। उन्होंने सभी पेट्रोल पंपों को निर्देश दिए हैं कि बिना हेलमेट आने वाले दोपहिया वाहन चालकों का चालान किया जाए। जिलाधिकारी ने पेट्रोल पंपों के सीसीटीवी कैमरों को आईटीएमएस सिस्टम से जोड़ने का आदेश दिया है। इससे नियम तोड़ने वालों पर नजर रखी जा सकेगी। साथ ही शराब की दुकानों के कैमरे भी इस सिस्टम से जुड़ेंगे। सड़क सुरक्षा के लिए जंक्शन और सड़कों के चौड़ीकरण का प्रस्ताव तैयार किया जाएगा। जरूरत के हिसाब से साइनेज बोर्ड और स्पीड ब्रेकर लगाए जाएंगे। पुलिस को बिना हेलमेट और सीट बेल्ट वाले वाहन चालकों पर सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। दुर्घटना संभावित स्थलों जैसे बंडा चौराहा, नगरिया मोड और अठसलिया मोड पर तत्काल सुधार कार्य होंगे। मुख्य चौराहों और मार्गों पर पर्याप्त रोशनी की व्यवस्था की जाएगी। जिलाधिकारी ने ई-रिक्शा चलाने वाले नाबालिगों पर कार्रवाई के भी निर्देश दिए हैं। ट्रिपल सवारी, ओवरलोडिंग और सड़कों पर अवैध पार्किंग पर भी सख्त कार्रवाई होगी।

## गंगा एक्सप्रेसवे पर विमान लैंडिंग की तैयारी

### जलालाबाद में सीएम योगी के दौरे से पहले डीएम ने किया निरीक्षण, दिए सुरक्षा के निर्देश

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



शाहजहांपुर , जलालाबाद में गंगा एक्सप्रेसवे पर बनी एयरस्ट्रिप पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का 28 अप्रैल को दौरा प्रस्तावित है। इसके मद्देनजर जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने वायु सेना के अधिकारियों के साथ हवाई पट्टी का निरीक्षण किया। चमरपुरा खुर्द में स्थित इस एयरस्ट्रिप पर 2 और 3 मई को लड़ाकू विमानों की ट्रायल लैंडिंग होनी है। जिलाधिकारी ने वायु सेना कमांडिंग ऑफिसर मुदित माथुर के साथ इस बारे में विस्तृत चर्चा की। वायु सेना के अधिकारियों ने एयरस्ट्रिप की साइड में लगाई जा रही बैरिकेडिंग पर आपत्ति जताई। एचजी इंफ्रा कंपनी ने अब तक ढाई किलोमीटर स्टील बैरिकेडिंग लगाई है। शेष साढ़े सात किलोमीटर में बल्ली से बैरिकेडिंग लगाने का काम पीडब्ल्यूडी को सौंपा गया है, जिसे तीन दिन में पूरा करना है। सुरक्षा व्यवस्था के लिए जिलाधिकारी ने कई अहम निर्देश दिए। सीडीओ को आसपास के ग्रामीणों को जागरूक करने, खंड विकास अधिकारियों को आवारा पशुओं को दूर रखने और पतंग न उड़ाने के निर्देश दिए गए। जलालाबाद के ईओ को धूल नियंत्रण के लिए पानी का छिड़काव करने को कहा गया। बीडीओ को 5 किलोमीटर के दायरे में किसी भी जीवित या मृत पशु की मौजूदगी न होने का निर्देश दिया गया।

## कश्मीर में हिंदुओं की हत्या के विरोध में बजरंग दल



भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

कलान, कलान में अंतरराष्ट्रीय हिन्दू परिषद और राष्ट्रीय बजरंग दल के कार्यकताओं ने आतंकवाद के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। कार्यकताओं ने आतंकवाद का पुतला फूंका और पाकिस्तान मुदार्बाद के नारे लगाए। प्रदर्शनकारियों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह और रक्षामंत्री राजनाथ सिंह से कड़ी कार्रवाई की मांग की। उन्होंने पहलगाम में 27 हिंदुओं की हत्या के बदले 2700 आतंकवादियों के एनकाउंटर की मांग रखी। साथ ही देशद्रोहियों की पहचान कर उनके खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग भी की।


भारत संवाद परिवार

1-संरक्षक-भारत संवाद
डॉ राम किशोर शर्मा
पूर्व विभागाध्यक्ष इलाहाबाद विश्व विद्यालय कबीर सम्मान 2021 से सम्मानित,
2-संरक्षक-भारत संवाद
आचार्य पं0 पृथ्वीनाथ पाण्डेय
भाषाविज्ञानी एंव मीडियाध्ययन विशेषज्ञ
3-संरक्षक-भारत संवाद
गजानन महतपुरकर
(सुपरिचित कवि, लेखक, गीतकार, मंच संचालक, स्वतंत्र पत्रकार एवं सदस्य, महाराष्ट्र राज्य हिंदी साहित्य अकादमी तथा पश्चिम रेलवे, चर्चगेट के वरिष्ठ जनसम्पर्क अधिकारी पद से सेवानिवृत्त)
4-कला एवं मनोरंजन संपादक (भारत संवाद)
जगन्नाथ तिवारी
5-उपसंपादक (भारत संवाद)
माता प्रसाद शर्मा
6-प्रभारी प्रयागराज संस्करण (भारत संवाद)
आशीष कुमार शर्मा

# पाकिस्तान शिमला समझौता स्थगित कर सकता है

## द्विपक्षीय समझौते भी स्थगित होंगे, कहा- भारत ने सिंधु जल रोका तो यह जंग जैसा होगा

एजेंसी

इस्लामाबाद, पहलगाम हमले के बाद भारत के कड़े फैसलों के जवाब में पाकिस्तान ने दोनों देशों के बीच सभी द्विपक्षीय समझौते स्थगित करने की बात कही है। इसमें 1972 का शिमला समझौता भी शामिल है। पाकिस्तान की नेशनल सिक्योरिटी कमेटी (एनसीएस) में गुरुवार को ये फैसले लिए गए। इसकी अध्यक्षता पीएम शहबाज शरीफ ने की। एक दिन पहले भारत ने भी सिंधु जल समझौता स्थगित करने समेत 5 बड़े फैसले लिए थे। पाकिस्तान ने कहा कि अगर भारत सिंधु जल समझौते को रोकता है तो इसे एक्ट ऑफ वॉर यानी जंग की तरह माना जाएगा। पाकिस्तान ने कहा, पाकिस्तान की संप्रभुता और सुरक्षा के लिए किसी भी खतरे का सभी क्षेत्रों में मजबूती से जवाब दिया जाएगा। हम किसी भी आतंकवादी गतिविधि की निंदा करते हैं। पाकिस्तानी अखबार डॉन के मुताबिक एनसीएस की बैठक में कहा गया कि भारत में वक्फ विधेयक को जबरन पारित कराया गया, यह



मुसलमानों को हाशिए पर डालने का प्रयास है। क्या है शिमला समझौता? शिमला समझौता भारत और पाकिस्तान के बीच 2 जुलाई 1972 को हुआ था। इस द्विपक्षीय समझौते पर भारत की तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी और पाकिस्तान के तत्कालीन राष्ट्रपति (बाद में प्रधानमंत्री बने) जुल्फिकार अली भुट्टो ने साइन किए थे। यह समझौता 1971 के भारत-पाक युद्ध के बाद हुआ था। इस युद्ध में पाकिस्तान को हार का सामना करना पड़ा था और उसके 90,000 से ज्यादा सैनिक भारत के कब्जे में थे। भारत सरकार ने बुधवार देर रात पाकिस्तान के शीर्ष राजनयिक साद अहमद वराइच को दिल्ली में तलब किया और उनके सैन्य राजनयिकों के खिलाफ 'पसोर्ना नॉन ग्राटा' का आधिकारिक नोट सौंपा। उन्हें एक सप्ताह के भीतर भारत छोड़ना होगा। 'पसोर्ना नॉन ग्राटा' का मतलब 'अवांछनीय व्यक्ति' है। यह एक लैटिन शब्द है। इसका उपयोग ऐसे व्यक्ति के लिए किया जाता है, जिसे किसी देश में रहने या आने की अनुमति नहीं है। यह आमतौर पर डिप्लोमैटिक मामलों में इस्तेमाल किया जाता है। 1960 में भारत के प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू और पाकिस्तान के राष्ट्रपति अयूब खान के बीच ये समझौता हुआ था। समझौते में सिंधु बेसिन से बहने वाली 6 नदियों को पूर्वी और पश्चिमी हिस्से में बांटा गया था। पूर्वी हिस्से की नदियों रावी, ब्यास और सतलुज के पानी पर भारत का पूरा अधिकार है। पश्चिमी हिस्से की नदियों सिंधु, चिनाब और झेलम का 20% पानी भारत रोक सकता है। पाकिस्तान ने 24-25 अप्रैल को कराची तट से दूर अपने विशेष आर्थिक क्षेत्र (ईईजेड) के भीतर अपनी तटरेखा पर सतह से सतह पर मार करने वाली मिसाइल का परीक्षण करने के लिए अधिसूचना जारी की है। भारत की जवाबी कार्रवाई के डर से पाकिस्तानी एयरफोर्स ने बुधवार रात खौफ के साये में काटी। 18 फाइटर जेट कराची एयरबेस से भारत से लगी सीमा की ओर एयरफोर्स स्टेशनों पर भेजे गए हैं।

केंद्र सरकार ने पाकिस्तान सरकार के एक्स हैंडल को भारत में बैन कर दिया है। वहीं, अमेरिकी विदेश मंत्रालय ने अपने नागरिकों के लिए एडवाइजरी जारी की है। उन्हें जम्मू-कश्मीर न जाने की सलाह दी गई है।

# फिलिस्तीन के राष्ट्रपति ने हमास को कुत्ते की औलाद कहा

## बोले- बंधकों को रिहा करो, जंग के लिए इजराइल का बहाना खत्म होगा

एजेंसी

रामल्ला, फिलिस्तीन के राष्ट्रपति महमूद अब्बास ने हमास को कुत्ते की औलाद कहा है। बुधवार को रामल्ला में दिए एक भाषण में अब्बास ने कहा कि हमास बंधकों को रिहा करे ताकि इजराइल को गाजा में जंग जारी रखने का बहाना न मिले। अब्बास ने कहा कि गाजा में नरसंहार को रोकना पहली प्राथमिकता है। इसे रोका जाना चाहिए, हर दिन सैंकड़ों लोग मारे जा रहे हैं। अब्बास ने हमास से अपील की कि वह हथियार छोड़कर राजनीतिक दल बन जाए और गाजा का नियंत्रण फिलिस्तीनी अथॉरिटी को सौंप दे। अब्बास ने फिलिस्तीन अथॉरिटी की



सेंट्रल काउंसिल की बैठक में यह बात कही है। इस बैठक में वह अपने उत्तराधिकारी का नाम भी घोषित करेंगे। हमास ने 2007 में अब्बास की फतह पार्टी को हराकर गाजा पर नियंत्रण कर लिया था। इजराइल के रक्षा मंत्री इजराइल काट्ज ने कहा कि जब तक इजराइली बंधक नहीं लौटाए जाएंगे, गाजा में अन्न का एक दाना नहीं पहुंचने दिया जाएगा। काट्ज ने कहा कि इस मामले में इजराइल की नीति बिल्कुल साफ है। इजराइल ने गाजा पट्टी में सभी मानवीय सहायता (खाना, पानी, दवाइयां, तेल) पर रोक लगा दी है। यह नाकाबंदी 2 मार्च 2025 को शुरू हुई थी।


इजराइल ने हमास पर बंधक बनाए गए 58 लोगों को रिहा करने का दबाव बनाने के लिए यह कदम उठाया था। मेडिसिन्स सैंस फ्रंटियर्स (एमएसएफ) ने गाजा को फिलिस्तीनियों के लिए सामूहिक कब्रह्व बताया है। मेडिकल एड फॉर फिलिस्तीन्स के निदेशक महमूद शलाबी ने कहा, पिछले 18 महीनों में यह सबसे खराब स्थिति है। बुनियादी जरूरतें पूरी नहीं हो रही हैं, और हमले फिर से शुरू हो गए हैं।ह्व गाजा हेल्थ मिनिस्ट्री ने कहा कि, गाजा संघर्ष शुरू होने से अब तक 51,000 से अधिक फिलिस्तीनी मारे गए हैं, जिनमें आधे से ज्यादा महिलाएं और बच्चे हैं। 18 मार्च को सीजफायर खत्म होने के बाद से 1,600 और मौतें हुई हैं। इजराइल ने गाजा के राफा को घेरा इजराइली सेना ने राफा का बाकी गाजा से संपर्क काट दिया है। रक्षा मंत्री इजराइल काट्ज ने 12 अप्रैल को इसकी पुष्टि की। उन्होंने कहा कि इजराइली डिफेंस फोर्स (आईडीएफ) ने मोराग कॉरिडोर पर कब्जा कर लिया है, जिससे राफा का गाजा पट्टी से संपर्क टूट गया है। मोराग कॉरिडोर दक्षिणी गाजा में एक रास्ता है जो उसे गाजा पट्टी से अलग करता है। काट्ज ने गाजा के लोगों को धमकी देते हुए कहा कि यह हमास को भगाने और सभी बंधकों को रिहा कर जंग को खत्म करने का आखिरी मौका है।

# यूक्रेनी राजधानी पर 9 महीने का सबसे बड़ा मिसाइल अटैक

## रूसी हमले में 8 की मौत, 70 घायल; कई लोग मलबे में फंसे हुए

एजेंसी

कीव, रूस ने बुधवार रात यूक्रेन की राजधानी कीव पर मिसाइल और ड्रोन से हमला किया। इस हमले में कम से कम 8 लोग मारे गए, जबकि 70 से ज्यादा घायल हो गए। यह इस साल यूक्रेन की राजधानी पर सबसे बड़ा हमला था। अधिकारियों ने बताया कि हमले की वजह से कई बिल्डिंगों ने आग लग गई और 6 बच्चे घायल हो गए, अभी भी कुछ लोग मलबे में फंसे हुए हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक रूस ने यूक्रेन पर 70 मिसाइल 145 ड्रोन से हमला किया, जिनका मेन टारगेट राजधानी कीव को निशाना बनाना था।




यूक्रेनी राष्ट्रपति जेलेंस्की का कहना है कि इस हमले का मकसद अमेरिका पर दबाव डालना था। जुलाई 2024 के बाद कीव पर सबसे बड़ा हवाई हमला राज्य इमरजेंसी सर्विस ने टेलीग्राम लिखा कि जहां हमला हुआ है, वहां मलबे के नीचे दबे लोगों की तलाश जारी है। कीव में 13 जगहों को निशाना बनाया गया, जिसमें रिहायशी इमारतें और पब्लिक इन्फ्रास्ट्रक्चर भी शामिल है। वहीं, यूक्रेनी विदेश मंत्री एंड्री सिबिहा ने एक्स पर कहा कि इन हमलों से पता चलता है कि यूक्रेन नहीं, बल्कि रूस शांति के लिए बाधा है। कीव के मेयर विटाली क्लिट्स्को ने कहा कि राजधानी में अब तक आठ लोगों के मारे जाने की पुष्टि हो चुकी है, हालांकि अधिकारियों ने पहले कहा था कि 9 लोग मारे गए हैं। रूस बोला सभी टारगेट हिट हो गए रूस के रक्षा मंत्रालय ने कहा कि उसने यूक्रेन के एविएशन, मिसाइल और स्पेस, मैकेनिकल इंजीनियरिंग और बख्तरबंद इंडस्ट्री, रॉकेट फ्यूल और बारूद प्रोडक्शन ठिकानों पर लंबी दूरी के हवा, जमीन और समुद्र से हमला करने वाले हथियारों और ड्रोन के जरिए हमला किया। हमले का उद्देश्य पूरे हो गया। सभी टारगेट हिट हो गए। यह जुलाई 2024 के बाद से शहर पर किया गया सबसे बड़ा हमला था, जब एक हॉस्पिटल और रिहायशी ठिकानों को निशाना बनाकर किए गए हवाई हमले में 33 लोग मारे गए थे। ट्रम्प बोले- मैं इस हमले से बिल्कुल खुश नहीं हूं अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा कि वह रूस की तरफ से कीव पर किए गए हमले से खुश नही हैं। उन्होंने ट्रुथ सोशल पर लिखा कि मैं कीव पर रूसी हमलों से खुश नहीं हूं। यह जरूरी नहीं था और इसका समय भी बहुत खराब था। व्लादिमीर, रुको! हर हफ्ते 5000 सैनिक मर रहे हैं। चलो शांति समझौता कर लें।

# अमेरिकी उपराष्ट्रपति वेंस का भारत दौरा पूरा

## जयपुर से वॉशिंगटन के लिए रवाना हुए; कल ताजमहल का दौरा किया

एजेंसी

वॉशिंगटन, अमेरिका उपराष्ट्रपति जेडी वेंस अपना भारत दौरा पूरा करने के बाद वॉशिंगटन के लिए रवाना हो गए हैं। वेंस 21 अप्रैल यानी सोमवार को 4 दिन की भारत यात्रा पर पहुंचे थे। जेडी वेंस के साथ उनकी पत्नी उषा और तीनों बच्चों- इवान, विवेक और मिराबेल भी भारत आए थे। सोमवार को दिल्ली में लैंड होने के बाद वेंस ने अक्षरधाम मंदिर में दर्शन किए। इसके बाद



शाम को PM मोदी से मुलाकात की। वेंस सोमवार रात को ही दिल्ली से जयपुर के लिए रवाना हो गए थे। इसके बाद उन्होंने मंगलवार को जयपुर में आमेर का किला देखा। बुधवार को अमेरिकी उपराष्ट्रपति ने आगरा के ताजमहल का दौरा किया। इसके बाद वापस जयपुर लौटें, जहां से आज सुबह वॉशिंगटन के लिए रवाना हुए। अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेम्स डेविड वेंस ने आगरा में ताजमहल देखा। पत्नी उषा, बेटों विवेक, इवान और बेटी मिराबेल के साथ डायना बेंच पर बैठकर फोटो खिंचवाईं। वेंस बेटी को गोद में लेकर ताजमहल परिसर में घूमे। वेंस के तीनों बच्चे भारतीय रंग में नजर आए। दोनों बेटे एक जैसे ट्रेडिशनल कुर्ता-पैजामा पहने हुए थे। वेंस ने ताजमहल की विजिटर बुक में लिखा- ताजमहल अद्भुत है! सच्चे प्यार, मानवीय सरलता और भारत की महान संस्कृति के प्रति श्रद्धांजलि का प्रमाण...धन्यवाद। बताया जा रहा है कि वेंस ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने विजिटर बुक में जो लिखा था, उसे भी पढ़ा। वेंस परिवार के साथ करीब ढाई घंटे तक आगरा में रहे। बुधवार सुबह 10 बजे उनका हेलिकॉप्टर सुबह 10 बजे आगरा एयरपोर्ट पर लैंड हुआ।

# पहलगाम हमले के विरोध में पाकिस्तान उच्चायोग पर विरोध प्रदर्शन, बड़ी संख्या में उमड़े लोग

**पहलगाम हमले के खिलाफ देश भर में अलग-अलग संगठनों के लोग विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं. दिल्ली में भी प्रदर्शन जारी हैं**




हमला मानवता के खिलाफ अपराध है: जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के विरोध में देशभर लोगों में रोष है. दिल्ली के कृष्ण नगर इलाके में इस घटना के विरोध में स्थानीय लोगों ने कैंडल मार्च निकालकर विरोध जताया और घटना में शामिल आतंकियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की. इस कैंडल मार्च में स्थानीय विधायक डॉ अनिल गोयल और पार्षद संदीप कपूर भी शामिल हुए. कैंडल मार्च में शामिल डॉ अनिल गोयल ने कहा कि पहलगाम में बार-बार आतंकी घटनाएं हुई हैं.

एजेंसी

नई दिल्ली: पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के बाद से पूरे देश भर के लोगों में गुस्सा है. जगह-जगह लोग प्रदर्शन कर रहे हैं. इसी क्रम में एंटी टेरर एक्शन फोरम के द्वारा तीन मूर्ति चौक से लेकर पाकिस्तानी उच्चायोग तक जोरदार प्रदर्शन किया गया. इस दौरान एंटी टेरर फोरम के आव्हान पर पहुंचे सैंकड़ों लोगों ने पाकिस्तान के खिलाफ जमकर नारेबाजी की. पाकिस्तान मुदार्बाद, पाकिस्तान हाय हाय जैसे नारे लिखी हुई तख्तियां हाथ में लेकर पहुंचे लोगों में गम और गुस्सा साफ देखा जा रहा था. लोगों ने केंद्र सरकार से पाकिस्तान के खिलाफ जल्द कार्रवाई करने की मांग की. प्रदर्शन में पहुंचे लोगों ने कहा कि पाकिस्तान बहुत समय से निर्दोष लोगों की जान लेने का खेल खेल रहा है, इसको कड़ा सबक सिखाया जाना चाहिए. लोग तीन मूर्ति चौक पर इकट्ठा होकर उग्र प्रदर्शन करते हुए बैरिकेडिंग के ऊपर से कूदकर पाकिस्तानी उच्चायोग तक पहुंच गए. जहां से उन्हें दिल्ली पुलिस और अर्ध सैनिक बल के जवानों ने बस में बिठाकर वापस तीन मूर्ति पर छोड़ दिया.

### पहलगाम हमले के विरोध में पाकिस्तान उच्चायोग पर उग्र प्रदर्शन

लोगों में गम व गुस्सा: इस प्रदर्शन में शामिल होने के लिए 11 बजे से ही लोग पहुंचने शुरू हो गए थे. प्रदर्शन को देखते हुए तीन मूर्ति चौक से लेकर पाकिस्तानी उच्चायोग तक कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई थी. बड़ी संख्या में दिल्ली पुलिस और सैनिक बल के जवानों को तैनात किया गया था. एम्स फैकल्टी एसोसिएशन, सदर बाजार ट्रेडर्स एसोसिएशन और एनएसयूआई ने भी दिल्ली विश्वविद्यालय नॉर्थ केंपस के बाहर स्टूडेंट अगेंस्ट टेररिज्म नामक पदयात्रा निकाली और आतंकवाद के खिलाफ अपना विरोध दर्ज कराया. इस दौरान बड़ी संख्या में एनएसयूआई के कार्यकताओं और दिल्ली विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे.

# पहलगाम आतंकी हमले पर कांग्रेस कार्यसमिति की आपात बैठक

**कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, पूर्व पार्टी प्रमुख सोनिया गांधी और राहुल गांधी, महासचिव के सी वेणुगोपाल, जयराम रमेश, प्रियंका गांधी वाड्रा सहित अन्य नेताओं ने यहां पार्टी के 24, अकबर रोड कार्यालय में कांग्रेस कार्य समिति (सीडब्ल्यूसी) की बैठक में भाग लिया।**

## राहुल गांधी ने अमेरिका दौरा छोटा कर लिया हिस्सा




एजेंसी

कांग्रेस नेताओं ने गुरुवार को पहलगाम आतंकवादी हमले पर विचार-विमर्श के लिए पार्टी कार्यसमिति की एक आपात बैठक की और इस हमले की निंदा करते हुए एक प्रस्ताव पारित किए जाने की उम्मीद है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, पूर्व पार्टी प्रमुख सोनिया गांधी और राहुल गांधी, महासचिव के सी वेणुगोपाल, जयराम रमेश, प्रियंका गांधी वाड्रा सहित अन्य नेताओं ने यहां पार्टी के 24, अकबर रोड कार्यालय में कांग्रेस कार्य समिति (सीडब्ल्यूसी) की बैठक में भाग लिया। बैठक की शुरूआत नेताओं द्वारा हमले के पीड़ितों की याद में एक मिनट का मौन रखकर उन्हें श्रद्धांजलि देने के साथ हुई।पार्टी ने एक्स पर लिखा कि कांग्रेस कार्यसमिति ने आज अपनी बैठक में हाल ही में पहलगाम में हुए आतंकी हमले की कड़ी निंदा की और इसमें मारे गए निर्दोष लोगों को श्रद्धांजलि दी। आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में हम एकजुट हैं। एक अन्य पोस्ट में लिखा गया कि कश्मीर के पहलगाम में आतंकियों ने कायराना हमला किया है। इसकी जितनी निंदा की जाए, वो कम है। इसी अहम मुद्दे पर आज कांग्रेस वर्किंग कमेटी की महत्वपूर्ण बैठक हुई। बैठक से पहले पहलगाम हमले के मृतकों को मौन रख श्रद्धांजलि दी गई। पार्टी नेता पवन खेड़ा ने कहा कि 22 अप्रैल को कांग्रेस पार्टी ने पहलगाम हमले के विषय में सर्वदलीय बैठक की मांग की थी। उस मांग को स्वीकार करते हुए सरकार ने आज सर्वदलीय बैठक बुलाई है। हम उम्मीद करते हैं कि प्रधानमंत्री इस मामले की गंभीरता को समझते हुए इस सर्वदलीय बैठक में हिस्सा लेंगे।

# 'बेगुनाहों को क्यों मार रहे' कहकर आतंकियों से भिड़ गया था आदिल

## पिता बोले- फक्र है उसकी शहादत पर

**अनंतनाग जिले के हापतनार गांव के 29 वर्षीय टट्टू सवारी संचालक की हत्या तब कर दी गई जब उसने एक आतंकवादी को रोकने की कोशिश की और उससे पूछा कि वह निर्दोष लोगों को क्यों मार रहा है। यह जम्मू-कश्मीर में सबसे घातक हमलों में से एक था, जिसमें सैयद आदिल के अलावा 25 अन्य लोग एक निर्मम हत्या में मारे गए थे।**



एजेंसी

जब संदिग्ध आतंकवादियों ने पहलगाम घाटी के बैसरन मैदान में पर्यटकों पर हमला किया और उनका नाम या धर्म पूछकर उन्हें गोलियों से भून दिया, तो उन्होंने स्थानीय टट्टू वाले सैयद आदिल हुसैन शाह को भी नहीं बख्शा। अनंतनाग जिले के हापतनार गांव के 29 वर्षीय टट्टू सवारी संचालक की हत्या तब कर दी गई जब उसने एक आतंकवादी को रोकने की कोशिश की और उससे पूछा कि वह निर्दोष लोगों को क्यों मार रहा है। यह जम्मू-कश्मीर में सबसे घातक हमलों में से एक था, जिसमें सैयद आदिल के अलावा 25 अन्य लोग एक निर्मम हत्या में मारे गए थे।

# आतंकियों और पाकिस्तानी आकाओं को करना होगा नष्ट

## पहलगाम हमले पर बोले शशि थरूर, आरोप-प्रत्यारोप का समय नहीं

एजेंसी

कांग्रेस नेता शशि थरूर ने गुरुवार को कहा कि पहलगाम आतंकी हमले को लेकर घरेलू आरोप-प्रत्यारोप का यह समय नहीं है। उन्होंने कहा कि इस्लामी आतंकवादियों और उनके पाकिस्तानी आकाओं को नष्ट किया जाना चाहिए और हमें अपनी सरकार का समर्थन करना चाहिए ताकि वह ऐसा कर सके जो इसे हासिल करने के लिए सबसे अच्छा हो। उन्होंने यह भी कहा कि कश्मीरी एकीकरण और सांप्रदायिक सद्भाव के लिए भारत की प्रतिबद्धता को कम नहीं किया जाना चाहिए।थरूर ने कहा कि इस सप्ताह हुई भयावहता के लिए उन लोगों की जिम्मेदारी अधिक है जिन्होंने हत्याओं की योजना बनाई और उन्हें अंजाम दिया, न कि उन लोगों की जो उन्हें रोकने में विफल रहे। उन्होंने कहा कि इसमें कोई संदेह नहीं कि हमारी तरफ से खुफिया और सुरक्षा संबंधी चूक हुई है। सुरक्षा बल हर जगह नहीं हो सकते। लेकिन अब उन्हें उन जगहों की सूची में आम पर्यटक स्थलों को भी शामिल करना होगा, जिनकी उन्हें सुरक्षा करनी होगी। दक्षिण कश्मीर के अनंतनाग जिले में पहलगाम कस्बे के पास मंगलवार दोपहर को आतंकवादियों द्वारा की गई गोलीबारी में कम से कम 26 लोग मारे गए, जिनमें अधिकतर पर्यटक थे और कई घायल हो गए। उन्होंने एक्स पर एक पोस्ट में यह टिप्पणी की क्योंकि वह कांग्रेस कार्य समिति (सीडब्ल्यूसी) की बैठक के लिए समय पर लक्षद्वीप से वापस नहीं आ सके।उन्होंने कहा कि वह सीडब्ल्यूसी द्वारा जारी मजबूत और रचनात्मक बयान में अपना समर्थन जोड़ रहे हैं। चार अतिरिक्त, परस्पर संबंधित बिंदुओं को जोड़ते हुए, थरूर ने कहा कि पहलगाम हमले के उद्देश्य स्पष्ट हैं - शांति को रोकना, ₹सामान्यीकरण₹ को पटरी से उतारना, पर्यटन को नष्ट करना, कश्मीर की अर्थव्यवस्था को बर्बाद करके वहां असंतोष बढ़ाना, कश्मीरियों और अन्य भारतीयों के प्रति अविश्वास को बढ़ाना और भारत में सांप्रदायिक ध्रुवीकरण को बढ़ाना।मोदी का बयानप्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पहलगाम आतंकी हमले में शामिल सभी आतंकवादियों और इसकी साजिश रचने वालों को उनकी कल्पना से भी बड़ी सजा देने का संकल्प जताते हुए बृहस्पतिवार को कहा कि अब आतंकियों की बची खुची जमीन को भी मिट्टी में मिलाने का समय आ गया है।

**बृहन्मुंबई महानगरपालिका**

**पंडित मदन मोहन मालवीय शताब्दी नगर सामान्य अस्पताल, गोवंडी (पूर्व), मुंबई – 400 088**

नंबर एचओ / 639 /सीएचजी — दिनांक 23.04.2025

**सूचना**

शताब्दी म्युनिसिपल जनरल अस्पताल, गोवंडी (पूर्व) (एमजीसी/एच/5810/नगर आयुक्त का अनुमोदन दिनांक 20 मार्च, 2025) तथा 22 महीने के लिए (179 दिनों के बाद एक दिन के ब्रेक के साथ) अस्थायी अनुबंध के आधार पर 01 सहायक कार्यकारी उम्मीदवार को एक स्थानीय पंजीकृत एनजीओ (मुंबई पब्लिक ट्रस्टी सिस्टम) से उपरोक्त सेवाएं लेने के लिए एक सीलबंद लिफाफे में आमंत्रित किया जाता है। इच्छुक एनजीओ को आवेदन पत्र शताब्दी म्युनिसिपल जनरल हॉस्पिटल, गोवंडी (ई) (01) सहायक कार्यकारी के लिए 1452/- रु. प्लस गुड्स एंड सर्विस टैक्स बृहन्मुंबई म्युनिसिपल कॉरपोरेशन के नाम से म्युनिसिपल सिविक फैसिलिटी सेंटर (सीएफसी) में 25.04.2025 को 11:00 बजे से 05.05.2025 को शाम 5:00 बजे के बीच (राजपत्रित और साप्ताहिक छुट्टियों को छोड़कर), पात्र संस्थाओं की सूची से मुख्य चिकित्सा अधिकारी लॉटरी प्रक्रिया में सफल होने वाली संस्थाओं को नियम व शर्तों के अनुसार काम आवंटित करेंगे।

इच्छुक संगठन अधिक जानकारी, आवेदन और वसीयत आदि के लिए सुबह 11:00 बजे से सुबह 5:00 बजे के बीच उक्त अस्पताल के प्रशासनिक कार्यालय से संपर्क करें। संगठन के लिए उक्त अस्पताल में आवेदन करने की अंतिम तिथि 05.05.2025 दिनांक 06.05.2025 को प्रातः 11:00 बजे खोला जाएगा।

एसडी/-
मुख्य चिकित्सा अधिकारी (प्रभारी)
शताब्दी नगर सामान्य अस्पताल, गोवंडी (ई)

पीआरओ/227/विज्ञ0/2025-26

भोजन से पूर्व एवं शौच के बाद साबुन से हाथ अवश्य धोएं

## संक्षेप

### बटाईदार को भी मिलेगा कृषक बीमा का लाभ

**स्थाई लोक अदालत का फैसला, रेल दुर्घटना में मृत किसान की मां को मिलेगा 5.20 लाख रुपये का मुआवजा**

सुलतानपुर, स्थाई लोक अदालत ने एक महत्वपूर्ण फैसला सुनाया है। अदालत ने स्पष्ट किया कि बटाईदार को भी कृषक कल्याण योजना का लाभ मिलना चाहिए। मामला सुलतानपुर के छरौली गांव की रीता देवी से जुड़ा है। उनके पुत्र अजय कुमार की 8 नवंबर 2011 को रेल दुर्घटना में मृत्यु हो गई थी। अजय गांव के राजनाथ और मोतीलाल के खेतों पर बटाई पर खेती करता था। रीता देवी ने कृषक कल्याण बीमा योजना के तहत 5 लाख रुपये के लिए डीएम और एसडीएम के पास आवेदन किया। अधिकारियों ने यह कहते हुए आवेदन खारिज कर दिया कि मृतक के नाम कोई कृषि भूमि नहीं है। स्थाई लोक अदालत में मामला पहुंचा। अदालत ने कृषक कल्याण योजना का विवरण देखा। इसमें स्पष्ट था कि भूस्वामी, ग्राम प्रधान या लेखपाल के प्रमाण पत्र पर बटाईदार भी योजना का पात्र है। अदालत ने डीएम और एसडीएम को आदेश दिया कि एक महीने में रीता देवी को 5 लाख रुपये योजना का और 20 हजार रुपये मुकदमा खर्च व मानसिक कष्ट का भुगतान करें। समय सीमा में भुगतान न होने पर ब्याज सहित वसूली की जाएगी। अध्यक्ष राधेश्याम (एचजेएस), सदस्य मृदुला रॉय और रमेश चंद्र यादव की पीठ ने यह फैसला सुनाया।

### हाई वोल्टेज तार की चपेट में आया ट्रैक्टर

**दो लोग झुलसे, हालत गंभीर; ट्रैक्टर-थ्रेसर जला**

बांदा, बबेरू कोतवाली क्षेत्र में एक ट्रैक्टर 11 हजार वोल्ट की बिजली की लाइन की चपेट में आ गया। इस हादसे में ट्रैक्टर में सवार दो लोग बुरी तरह झुलस गए। घटना में ट्रैक्टर और उस पर लगा थ्रेसर दोनों आग की चपेट में आ गए। देखते ही देखते दोनों वाहन जलकर राख हो गए। स्थानीय लोगों ने आग बुझाने का प्रयास किया। लेकिन तेज आग के कारण उनके प्रयास विफल रहे। हादसे में झुलसे दोनों लोगों की हालत गंभीर बताई जा रही है। घायलों को तत्काल जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां उनका इलाज जारी है।

### जिला अस्पताल में फायर सेफ्टी मॉक ड्रिल

**कर्मचारियों को आग से बचाव और नियंत्रण की दी गई ट्रेनिंग**

बांदा, जिला अस्पताल में स्वास्थ्य विभाग द्वारा फायर सेफ्टी मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। यह ड्रिल सीएमएस एसडी त्रिपाठी के नेतृत्व में संपन्न हुई। फायर सीएफओ मुकेश कुमार ने कहा कि हर संस्थान के कर्मचारियों को फायर सेफ्टी की ट्रेनिंग जरूरी है। इससे वे आपात स्थिति में आग पर नियंत्रण पा सकेंगे। उन्होंने बताया कि आमतौर पर आम लोग आग लगने की स्थिति में नियंत्रण करने में असमर्थ होते हैं।

# कमिश्नर अचानक पहुंचे बेली अस्पताल

**ऑपरेशन थिएटर में सी-आर्म मशीन खराब मिली; सीएमएस के सही जवाब न देने पर जताई नाराजगी**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



प्रयागराज, मंडल के कमिश्नर विजय विश्वास पंत आज अचानक गुरुवार को तेज बहादुर सप्रू (बेली) हॉस्पिटल पहुंच गए। करीब डेढ़ घंटे तक उन्होंने ओटी, ओपीडी, वार्ड, एमआरआई, एक्सरे समेत अन्य व्यवस्थाओं की हकीकत बारीकी से देखी। अस्पताल की बदहाल व्यवस्था देखकर कमिश्नर नाराज हो गए। ऑपरेशन थिएटर में रखी सी-आर्म मशीन 14 दिनों से खराब है, जिससे मरीजों का ऑपरेशन नहीं हो पा रहा है। काफी दिनों से मरीज ऑपरेशन के वार्डों में भर्ती मिले। सवालों का गोल-मोल जवाब देने पर वह सीएमएस डॉ. भावना शर्मा पर भड़क गए, बोले- ये सब बहानेबाजी बंद करिए और काम करिए। 4 अप्रैल को राजेश शुक्ला नाम के मरीज को एनेस्थेसिया देने के बाद आपरेशन थिएटर से बाहर निकाल दिया गया था। इस पर उन्होंने उस मरीज से पूरी जानकारी ली तो पता चला कि ऑपरेशन होने ही जा रहा था लेकिन सीएमएस ने ओटी से बाहर करा दिया। इस पर भी कमिश्नर ने सीएमएस पर कड़ी नाराजगी जताई। उन्होंने अपर निदेशक व एनएचएम के मंडलीय प्रबंधक को इस पर पूरी रिपोर्ट तैयार करने का निर्देश दिया। कमिश्नर अस्पताल के पैथालॉजी काउंटर पर पहुंचे जहां मरीज लंबी कतार में खड़े थे। उन्होंने पूछा- यहां रिपोर्ट ऑनलाइन क्यों नहीं दी जा रही है। सीएमएस ने गलत जानकारी देते हुए कहा कि सर दी जा रही है। इसके बाद लाइन में लगे मरीजों से कमिश्नर ने खुद पूछना शुरू किया। एक मरीज का उन्होंने मोबाइल अपने हाथ में लेकर एसएमएस चेक किया जिसमें कोई मैसेज नहीं आया था। इस पर उन्होंने नाराजगी जताई। कहा- हमें घुमाइए नहीं, बस जितना पूछा जाए उसका दीजिए। कमिश्नर के निरीक्षण की खास बात यह रही कि उन्हें कहां और क्या निरीक्षण करना है वह खुद तय कर रहे थे। उन्होंने सीएमएस से पूछा, मुझे एमआरआई कक्ष दिखाइए। वहां पहुंचने के पहले ही सीएमएस ने अस्पताल के मैनेजर डॉ. शेखर से कहा- कि फोन कर बताइए वहां कि अलर्ट रहें। एमआरआई में पहुंचते ही सीधे कमिश्नर उस कक्ष में पहुंच गए जहां बैठकर टेक्नीशियन सुमित, अंकिता व संदीप एमआरआई कर रहे थे। उन्होंने रजिस्टर मांगा। पूछने पर बताया गया कि एक दिन में 8 से 10 एमआरआई होती है क्योंकि गर्मी की वजह से मशीन गर्म हो जाती है। कमिश्नर ने सीएमएस से सवाल किया प्रयागराज में क्या सिर्फ आपके अस्पताल की एमआरआई मशीन गर्म हो जाती है? इस पर वह निरूत्तर रहीं। उन्होंने एडी हेल्थ को निर्देशित किया कि प्राइवेट व दूसरे सरकारी एमआरआई सेंटर से पता करिए एक दिन में वहां कितनी एमआरआई जांच होती है।

# भारत के मुस्लिमों की पाक से तुलना ठीक नहीं-बीजेपी विधायक

**हर्ष वर्धन बाजपेई ने कहा-आतंकियों से लड़ने वाले घोड़े वाले को भी याद रखें, सेना जवाब देगी**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



प्रयागराज, पहलगाम में हुए आतंकी हमले से देश में आक्रोश है। इसे लेकर राजनीतिक प्रतिक्रियाएं सामने आ रही हैं। प्रयागराज में शहर उत्तरी के भाजपा विधायक हर्ष वर्धन बाजपेई ने आतंकी हमले पर आक्रोश जताते हुए कहा कि भारत की बहादुर सेना, भारत के बहादुर प्रधानंत्री इस घिनौनी वारदात का इंसाफ करेंगे। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान टूट रहा है। इसी वजह से ध्यान भटकाने के लिए पाक आर्मी चीफ ने भारत में इस प्रकार की घिनौनी घटना की है। भारतीय सेना इसका जवाब देगी। नाम पूछकर जिस प्रकार से हिंदुओं को मारा गया वह निंदनीय है। विधायक ने कहा कि भारत के मुस्लिमों की तुलना पाकिस्तान से करना ठीक नहीं है। उन्होंने कहा कि मैं भी हिंदू हूं, मेरे दिल में भी गुस्सा है लेकिन हमें उस घोड़े वाले को भी याद करना होगा जिसने आतंकियों की बंदूक छीनने में अपनी जान गंवाई। विधायक ने कहा कि आज पूरा कश्मीर इस हमले के खिलाफ बंद है। यह एकता का संदेश है। पाकिस्तान को इसके नतीजे भुगतने होंगे।

# पहलगाम आतंकी हमले में मारे गए 27 पर्यटकों को श्रद्धांजलि

- अमेठी में कांग्रेस ने निकाला कैंडिल मार्च, पाकिस्तान और आतंकवाद के खिलाफ लगाए नारे

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



अमेठी जिला, जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में मारे गए 27 पर्यटकों की याद में देशभर में श्रद्धांजलि सभाएं आयोजित की जा रही हैं। अमेठी में युवक कांग्रेस के कार्यकताओं ने कैंडिल मार्च निकालकर मृतकों को श्रद्धांजलि दी। अम्बेडकर तिराहे से शुरू हुआ कैंडिल मार्च गांधी प्रतिमा तक पहुंचा। मार्च के दौरान कार्यकताओं ने पाकिस्तान मुदार्बाद और आतंकवाद मुदार्बाद के नारे लगाए। युवक कांग्रेस के जिलाध्यक्ष शुभम सिंह के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शामिल हुए। शुभम सिंह ने कहा कि जम्मू-कश्मीर में शहीद हुए लोगों की याद में यह कैंडिल मार्च निकाला गया है। उन्होंने कहा कि आतंकी हमले में मारे गए लोगों के परिवारों के साथ पूरा देश खड़ा है। कांग्रेस ने सरकार से आतंकवादियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। गौरतलब है कि दो दिन पहले पहलगाम में आतंकियों ने 27 पर्यटकों की हत्या कर दी थी। इस घटना के बाद से पूरे देश में आक्रोश है और लोग सरकार से कड़ी कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।

# पहलगाम हमले के विरोध में निकाला कैंडल मार्च

**अल्पसंख्यक अधिवक्ता कल्याण ट्रस्ट के अध्यक्ष बोले- सीमा पार या अंदर के आतंकवाद पर हो सख्त कार्रवाई**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क




सुलतानपुर, पहलगाम आतंकी हमले के विरोध में गुरुवार को कई संगठनों ने कैंडल मार्च निकाला। प्रदर्शनकारियों ने पाकिस्तान का पुतला फूंका और नारेबाजी की। आजाद पार्क में शहीदों की याद में मौन रखा गया। अल्पसंख्यक अधिवक्ता कल्याण ट्रस्ट के अध्यक्ष एमएच खान ने कहा कि सीमा पार या अंदर के आतंकवाद पर सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। राजकीय सामाजिक संगठन के अध्यक्ष मेराज खान ने सरकार को समर्थन देते हुए आतंकियों को कड़ी सजा की मांग की। कांग्रेस नेता हामिद राइन ने पाकिस्तान और आतंकवाद के खिलाफ नारे लगाए। भाजपा जिलाध्यक्ष सुशील त्रिपाठी ने कायराना हमले की निंदा की। उन्होंने कहा कि आतंकियों ने धर्म के आधार पर लोगों को निशाना बनाया। पत्रकार संघर्ष समिति ने तिकोनिया पार्क में कैंडल मार्च निकाला। विरोध प्रदर्शन में कांग्रेस जिलाध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा, मोहसिन सलीम, वरुण मिश्रा, शकील अंसारी, जफर खान और सलाहुद्दीन शामिल थे। भाजपा से पूर्व जिलाध्यक्ष डॉ आरए वर्मा, विजय रघुवंशी और पूजा कसौधन ने भी हिस्सा लिया। अल्पसंख्यक अधिवक्ता कल्याण ट्रस्ट से मो. अजीम, आफताब अहमद और राष्ट्रीय सामाजिक सेवा संगठन से निजाम खान भी मौजूद रहे।

# चार साल पुराने हत्याकांड में कोर्ट का फैसला

- सुल्तानपुर में भाई, बहन, मां और भाभी बरी; कर्ज न चुकाने पर हुई थी मौत

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



सुलतानपुर, एक चार साल पुराने हत्याकांड में अपर सत्र न्यायाधीश प्रथम ने चारों आरोपियों को बरी कर दिया है। धम्मौर थाना क्षेत्र के हाजी पट्टी गांव में 7 अगस्त 2021 की रात मोहम्मद नबी की हत्या हुई थी। शुरूआत में मृतक की मां अशरफुल निशा ने अज्ञात लोगों के खिलाफ केस दर्ज कराया था। 15 दिन बाद मृतक की पत्नी शबाना ने अपने देवर मोहम्मद आखिर, देवरानी सायरा बानो और ननद जूही पर आरोप लगाए। उसने कहा कि रंजिश के चलते देवर ने कमरे में घुसकर पति की हत्या की और अन्य लोगों ने अपराध छिपाने में मदद की। आरोपी पक्ष के वकील काशी प्रसाद शुक्ला के अनुसार, मुकदमे में 13 गवाहों के बयान दर्ज किए गए।

जांच में सामने आया कि मृतक ने अपने पिता, जो एसबीआई बैंक में कार्यरत थे, से 8-10 लाख रुपए मांगे थे। पैसे न मिलने पर उसने दोस्तों से 3-4 लाख रुपए उधार लिए। मृतक ने कर्ज का पैसा व्यवसाय में नहीं लगाया और न ही वापस कर पाया।

# वाहन चोरी पर बड़ी कार्रवाई

**4 महीने में 60 बाइक बरामद, 40 आरोपी गिरफ्तार; गौरीगंज में सबसे ज्यादा सफलता**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



अमेठी जिला, पुलिस ने वाहन चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने में बड़ी सफलता हासिल की है। 23 दिसंबर 2024 से 23 अप्रैल 2025 के बीच पुलिस ने जिले भर से 60 चोरी की बाइक बरामद कर 40 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गौरीगंज थाना क्षेत्र में सबसे बड़ी कार्रवाई हुई। यहां से 30 चोरी की बाइक बरामद की गईं और 16 चोर पकड़े गए। जगदीशपुर में छह बाइक के साथ आठ चोर गिरफ्तार किए गए। मोहनगंज में तीन बाइक बरामद कर पांच चोरों को पकड़ा गया। मुसाफिरखाना में तीन बाइक के साथ दो चोर गिरफ्तार हुए। दोषियो को भेजा जाए जेल कमरौली, फुरसतगंज, जामो और पीपरपुर थाना क्षेत्र में एक-एक बाइक बरामद कर एक-एक चोर को पकड़ा गया। एसपी अपर्णा रजत कौशिक ने बताया कि चोरी की बाइक और अपराधियों को पकड़ने का अभियान जारी रहेगा। उन्होंने सभी थानों को अभियान को और प्रभावी बनाने के निर्देश दिए हैं। पुलिस का लक्ष्य है कि सभी चोरी की बाइक बरामद हों और दोषियों को जेल भेजा जाए।

# जूस की दुकान पर हंगामा, तोड़फोड़

**लोग बोले- थूक और पेशाब मिलाकर पिला रहा था, भीड़ देखकर भागा दुकानदार**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



अलीगढ़, जूस की दुकान पर जमकर हंगामा हुआ। इलाके के लोगों ने जूस विक्रेता पर थूकने और पेशाब मिलाकर जूस पिलाने का आरोप लगाया। देखते ही देखते मौके पर भीड़ इकट्ठा हो गई और हंगामा शुरू हो गया। इसी बीच मौका देखकर आरोपी जूस विक्रेता मौके से फरार हो गया। इसके बाद गुस्साई भीड़ ने जूस की दुकान पर तोड़फोड़ कर दी और जाम लगा दिया। हंगामे की सूचना पर पुलिस पहुंची और लोगों को समझा कर शांत कराया। कार्रवाई का आश्वासन दिया, फिर लोग शांत हुए। मामला? क्वार्सी थाना क्षेत्र के स्वर्ण जयंती नगर का है। स्वर्ण जयंती नगर के राज्य कर्मचारी कॉलोनी गेट के सामने जूस की दुकान है। आसपास के लोगों का आरोप है कि शाम के समय कुछ लोग जूस पीने के लिए वहां पर आए थे। तभी दुकानदार जूस के गिलास को बार-बार नीचे कर रहा था और कुछ मिला रहा था। जब लोगों को संदेह हुआ तो उन्होंने ध्यान देना शुरू किया। उन्हें पता चला कि आरोपी उसमें थूक रहा है और पेशाब भी मिला रहा है। लोगों ने इसका विरोध किया तो आरोपी उल्टा उनके ऊपर ही भड़कने लगा। इसके बाद लोगों ने इसका विरोध शुरू कर दिया और देखते ही देखते लोगों की भीड़ जमा हो गई। स्वर्ण जयंती नगर में चलने वाली दुकान का नाम फ्रेश जूस एंड शेक कॉर्नर था। लोगों ने बताया कि इस दुकान को चलाने वाला युवक मुस्लिम समुदाय से है। वह अपना नाम गुड्डू बताता था और हिंदू बताता था। उसने हाथ में कलावा भी बांधा था। इससे लोगों को उस पर संदेह नहीं हुआ। जब लोगों ने उसकी हरकतें देखी तो भीड़ इकट्ठा हुई। कई लोगों ने दावा किया कि वह मुस्लिम है और खुद को हिंदू बताता है। आरोपी जूस विक्रेता मौका देखकर वहां से भाग निकला, लेकिन यहां पर घंटों हंगामा चलता रहा। दुकानदार की हरकतों को देखकर गुस्साई भीड़ ने मौके पर जाम लगा दिया।

दुकान में भी तोड़फोड़ कर दी और पूरी दुकान का सामान सड़क पर फेंक दिया। क्वार्सी पुलिस मौके पर पहुंची और उग्र हुई भीड़ को समझा बुझाकर शांत कराया।

# एजुकेशन सेंटर पर चला बुलडोजर

**बाउंड्री बॉल को किया ध्वस्त, रेलवे ने कहा अतिक्रमण किया हुआ था**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क




मथुरा, रेलवे की टीम भूतेश्वर से जंक्शन स्टेशन की तरफ जाने वाली रेल लाइन के सहारे अतिक्रमण हटाने पहुंची। यहां रेलवे के अधिकारियों ने प्रसिद्ध शिक्षण संस्थान की बाउंड्री बॉल को ध्वस्त कर दिया। जिसको लेकर शिक्षण संस्थान से जुड़े प्रबंधन के लोगों और रेलवे के अधिकारियों में तीखी बहस भी हुई। रेलवे के अधिकारियों का कहना है कि बाउंड्री बॉल अतिक्रमण कर बनाई गई थी। रेलवे दिल्ली मथुरा रेलवे ट्रैक पर भूतेश्वर से लेकर मथुरा जंक्शन तक अप साइड में एक और रेल ट्रैक डाल रहा है। इस ट्रैक को डालने में कई जगह अतिक्रमण की दिक्कत भी आ रही है। इसको लेकर अस्थाई अतिक्रमण को रेलवे की टीम ने पहले ही धरासाई कर दिया था। अब रेलवे की टीम स्थाई अतिक्रमण को हटाने का दावा कर रही है। उत्तर मध्य रेलवे आगरा डिवीजन के अधिकारी रेलवे सुरक्षा बल के जवानों के साथ भूतेश्वर से कैलाश नगर की तरफ जाने वाले रोड पर अतिक्रमण हटाने पहुंचे। बुलडोजर लेकर पहुंचे रेलवे के अधिकारियों को देख वहां रहने वाले लोग सकते में आ गए। कैलाश नगर के निवासियों का कहना है कि रेलवे उनकी कॉलोनी को आने वाले पुराने रास्ते को अपना बताकर बंद करना चाहता है।

# मनरेगा मजदूरी भुगतान में देरी पर नाराजगी

**पूर्व एमएलसी दीपक सिंह ने कहा- ग्रापं के अधिकारों का हनन, विकास कार्य ठप**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



अमेठी जिला, उत्तर प्रदेश में पंचायती राज दिवस पर कांग्रेस के पूर्व एमएलसी दीपक सिंह ने योगी सरकार पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि मनरेगा के इतिहास में पहली बार मजदूरों को अपनी मजदूरी के लिए दर-दर भटकना पड़ रहा है। दीपक सिंह ने बताया कि जनवरी 2024 से अब तक मजदूरों को उनकी मेहनत का पैसा नहीं मिला है। ग्राम पंचायतों के अन्य कामों के भुगतान भी लंबित हैं। उन्होंने कहा कि अमेठी से लेकर पूरे उत्तर प्रदेश में यही स्थिति है। भुगतान करने की मांग पूर्व एमएलसी ने आरोप लगाया कि सरकार की लापरवाही से ग्राम पंचायतें अपने दायित्वों का निर्वहन नहीं कर पा रही हैं।

# ट्रांसफर के 11 महीने बाद भी नहीं छोड़ा पद

**करणी सेना का थाना प्रभारी के खिलाफ प्रदर्शन, जनता की अनदेखी का आरोप**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क




अमेठी जिला, संग्रामपुर थाना प्रभारी संदीप राय के खिलाफ करणी सेना ने मोर्चा खोल दिया है। करणी सेना वेलफेयर सोसायटी के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रदीप कुमार सिंह के नेतृत्व में सैकड़ों कार्यकताओं ने एसपी कार्यालय के बाहर प्रदर्शन किया। संग्रामपुर थाना प्रभारी संदीप राय का 11 महीने पहले गैर जनपद स्थानांतरण हुआ था। लेकिन अभी तक वे अपना पद नहीं छोड़ रहे हैं। करणी सेना के कार्यकताओं ने थाना प्रभारी पर जनता का उत्पीड़न करने और शिकायतों की अनदेखी करने का आरोप लगाया है। आंदोलन की चेतावनी राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रदीप कुमार सिंह ने एसपी को दिए ज्ञापन में कहा कि थाना प्रभारी जगह-जगह भ्रष्टाचार कर रहे हैं। उन्होंने थाना प्रभारी के तत्काल स्थानांतरण और नए थाना प्रभारी की नियुक्ति की मांग की है। सिंह ने चेतावनी दी कि अगर कार्रवाई नहीं हुई तो वे बड़ा आंदोलन करेंगे। पुलिस और पीएसी रही तैनात प्रदर्शन के दौरान सुरक्षा व्यवस्था के लिए भारी पुलिस बल के साथ पीएसी भी तैनात रही। उल्लेखनीय है कि इससे पहले भी करणी सेना ने इस मामले में ज्ञापन दिया था, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई थी।

स्वामी, प्रकाशक , मुद्रक अरविंद कुमार शर्मा द्वारा एफ एल टी ,एलजी 75 आर एम 4/4 इंदिरा नगर, सुंदर बाग,कुर्ला (प)मुंबई 400070 महाराष्ट्र से प्रकाशित एवं AIS PRINTING SOLUTION प्लांट नं० -A-544 TTC इंडस्ट्रियल एरिया एम आई डीसी माहपे नवी मुंबई ,ठाणे 400709 से मुद्रित। संपादक - अरविंद कुमार शर्मा

EMail-bsmumbai2017@gmail.com किसी भी विवाद का न्याय क्षेत्र मुम्बई न्यायालय ही होगा। 8097049935,9935750291 RNI No-MAHHIN2017/74173

संपर्क का कार्यालय- 66/68 भाखरिया बिल्डिंग मीना मेहता मार्ग मोदी स्ट्रीट मुम्बई 400001

संरक्षक- डॉ राम किशोर शर्मा पूर्व विभागाध्यक्ष (हिन्दी) इलाहाबाद विश्व विद्यालय, विशेष संवाददाता- आशीष कुमार शर्मा सह, सम्पादक- माता प्रसाद शर्मा, फिल्म- संपादक-जगन्नाथ तिवारी